26 जनवरी 1950 को स्थापित/संस्थापक बाबूसिंह चौहान

# चिंगारी

बिजनौर : गुरुवार , 14 मई , 2026

अंक- 199 मूल्य दो रुपये पृष्ठ 8

www.dainikchingari.com

# बरेली में आंधी में उड़ा इंसान

**बरेली ( एजेंसी/चिंगारी )।** उत्तर प्रदेश के बरेली जिले के भमोरा थाना क्षेत्र में बुधवार को तेज आंधी और बारिश के दौरान एक हैरान कर देने वाला हादसा सामने आया, जिसमें बारातघर की उड़ती टीननुमा चादर को पकड़ने का प्रयास कर रहा एक व्यक्ति हवा में उड़कर दूर खेत में जा गिरा। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गया और उसके शरीर में कई फ्रैक्चर बताए जा रहे हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम बबियाना निवासी नन्हे (50) गांव में बने बारातघर के पास खड़े थे। अचानक मौसम खराब हो गया और तेज आंधी के साथ बारिश शुरू हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार तेज हवाओं के कारण बारातघर की टीन की चादर उड़ने लगी। इसी दौरान नन्हे उसे संभालने के लिए



उससे जुड़े लोहे के पाइप को पकड़ लिया, लेकिन हवा का दबाव इतना तेज था कि वह खुद भी चादर के साथ कई फीट ऊपर उठ गए और दूर खेत में जा गिरे। हादसे में नन्हे गंभीर रूप से घायल हो गए। उनके हाथ समेत शरीर के अन्य हिस्सों में फ्रैक्चर हुआ है। परिजन और ग्रामीण तत्काल उन्हें उठाकर घर ले गए, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उनके हाथ में प्लास्टर चढ़ाया गया। वर्तमान में उनका उपचार घर पर चल रहा है। घटना के बाद गांव में अफरा-तफरी का माहौल बन गया था। इस घटना का वीडियो भी सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें तेज आंधी की भयावहता साफ देखी जा सकती है। ग्रामीणों का कहना है कि कुछ ही सेकंड में पूरा दृश्य बदल गया था और लोग दहशत में आ गए थे।



# सीबीएसई 12वीं में भी बेटियों का जलवा

## फादरसन स्कूल चांदपुर की अपेक्षा तोमर ने 97.8 प्रतिशत अंकों के साथ किया जिला टॉप

## वंशिका और कनिका ने भी जिले में बनाई जगह

**बिजनौर ( चिंगारी )।** सीबीएसई कक्षा 12 का परीक्षाफल घोषित होते ही जिलेभर में खुशी की लहर दौड़ गई। हर बार की तरह इस बार भी बेटियों ने अपनी प्रतिभा का दम दिखाते हुए सफलता का परचम लहराया। फादरसन पब्लिक स्कूल, चांदपुर की छात्रा अपेक्षा तोमर ने 97.8 प्रतिशत अंक हासिल कर पूरे जिले में टॉप कर इतिहास रच दिया।

बुधवार दोपहर करीब दो बजे जैसे ही सीबीएसई ने रिजल्ट घोषित किया, स्कूलों में उत्साह का माहौल बन गया। शिक्षक और स्कूल स्टाफ तुरंत विद्यार्थियों के परिणाम देखने में जुट गए और फोन कर छात्रों को स्कूल बुलाया गया। रिजल्ट आते ही मेधावी छात्राओं के घर बधाई देने वालों का तांता लग गया।



मॉडर्न ऐरा स्कूल बिजनौर में रिजल्ट के बाद खुशी मनातीं छात्राएं।



एएन इंटरनेशनल स्कूल में छात्र-छात्राओं को मिठाई खिलाते प्रधानाचार्य।

जिले की टॉपर अपेक्षा तोमर ने कला वर्ग में शानदार प्रदर्शन करते हुए पहला स्थान हासिल किया। वहीं मार्डन एरा पब्लिक स्कूल बिजनौर की पीसीएम वर्ग की छात्रा वंशिका ने 97.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर दूसरा स्थान हासिल किया। एलआरएस इंटरनेशनल एकेडमी रायपुर सादात की छात्रा कनिका ने 97.4 प्रतिशत अंकों के साथ जिले में तीसरा स्थान प्राप्त कर जिले का नाम रोशन किया।



मॉडर्न ऐरा बिजनौर

हालांकि इस बार पिछले वर्षों की तुलना में विद्यार्थियों को अपेक्षाकृत कम अंक मिले हैं और परीक्षाफल भी करीब 85 प्रतिशत रहने की बात कही जा रही है। इसके बावजूद विद्यार्थियों के उत्साह में कोई कमी नहीं दिखी।

| नाम | अंक | वर्ग | स्कूल |
|---|---|---|---|
| अपेक्षा तोमर | 97.8, | कला वर्ग | फादरसन पब्लिक स्कूल चांदपुर |
| वंशिका | 97.6, | पीसीएम | मार्डन एरा पब्लिक स्कूल बिजनौर |
| कनिका | 97.4, | कला वर्ग | एलआरएस इंटरनेशनल एकेडमी नगीना देहात |
| दिव्यांशी सिंह, | 97.0, | पीसीएम | एमडी इंटरनेशनल स्कूल |
| पूर्वांश श्रीवाल, | 97.0, | पीसीएम | एएन इंटरनेशनल स्कूल बिजनौर |
| अरूषी सिंह, | 97.0, | कला | एएन इंटरनेशनल स्कूल |

नोट-यह सूची स्कूलों द्वारा उपलब्ध कराई गई सूचना पर आधारित है।

सीबीएसई सिटी कोऑर्डिनेटर एवं एमडी इंटरनेशनल स्कूल बिजनौर की प्रधानाचार्या ऋतु कोचर ने कहा कि इस बार परिणाम थोड़ा कम रहा है, लेकिन विद्यार्थियों को निराश होने की आवश्यकता नहीं है। जिन विषयों में कम अंक आए हैं, उनकी परीक्षा दोबारा देकर प्रदर्शन बेहतर किया जा सकता है। सीबीएसई के इस परिणाम ने एक बार फिर साबित कर दिया कि जिले की बेटियां मेहनत, लगन और आत्मविश्वास के दम पर लगातार सफलता की नई इबारत लिख रही हैं।

## मार्डन एरा, एमडी इंटरनेशनल, यूनिवर्सल एकेडमी और डीडीपीएस के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन कर बढ़ाया जिले का मान

**बिजनौर ( चिंगारी )।** सीबीएसई कक्षा 12 का परीक्षाफल घोषित होते ही जिलेभर के स्कूलों में खुशी और उत्साह का माहौल देखने को मिला। मेधावी छात्र-छात्राओं ने उत्कृष्ट अंक हासिल कर न केवल अपने विद्यालय बल्कि जिले का नाम भी रोशन किया।

मॉडर्न एरा पब्लिक स्कूल का परीक्षा परिणाम बेहद शानदार रहा। विद्यालय की छात्रा वंशिका ने 97.6 प्रतिशत अंक हासिल कर शहर में दूसरा स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा सारा जिया ने 96 प्रतिशत, सूर्यांशिका सिंह और आदीया अग्रवाल ने 95.6 प्रतिशत, आयत नाज़ ने 95.4 प्रतिशत तथा लक्षी सिंह ने 95.2 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। विद्यालय की निदेशक प्रधानाचार्या डॉ. सीमा विश्वास ने सभी विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। एमडी इंटरनेशनल स्कूल का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। प्रधानाचार्या ऋतु कोचर ने बताया कि गणित वर्ग में दिव्यांशी सिंह और वाणिज्य वर्ग में वेदांश अग्रवाल ने 97 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। जीव विज्ञान वर्ग में अदिति चाहल ने 95 प्रतिशत अंक हासिल किए, वहीं कला वर्ग में कृतिका सिंह ने 96.2 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। विद्यालय प्रबंधक नवनीत जैन और डीन राजीव गोयल ने विद्यार्थियों की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त की। यूनिवर्सल एकेडमी का परीक्षा परिणाम भी शत-प्रतिशत रहा। उपप्रधानाचार्या खुशबू कर्णवाल के अनुसार अंजलि चौहान ने 95 प्रतिशत, आकाश तोमर ने 93.8 प्रतिशत और हिमांशी ने 89.2 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। विद्यालय प्रबंधन ने विद्यार्थियों और शिक्षकों को बधाई दी।

डीडीपीएस स्कूल के छात्रों ने भी शानदार प्रदर्शन किया। प्रधानाचार्य राजीव थामस ने बताया कि अविका शर्मा ने 94.8 प्रतिशत, अभि बिश्नोई ने 94.2 प्रतिशत, आयजा खान ने 92.6 प्रतिशत और संस्कृति तोमर ने 92 प्रतिशत अंक हासिल किए हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को लगातार मेहनत और अनुशासन के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दी।

## मॉडर्न एरा पब्लिक स्कूल में वंशिका टॉपर




**बिजनौर ( चिंगारी )।** सीबीएसई इंटर परीक्षा में मार्डन एरा पब्लिक स्कूल की छात्रा वंशिका ने स्कूल के साथ-साथ बिजनौर नगर में दूसरा स्थान प्राप्त किया है। वंशिका ने 97.6 प्रतिशत अंक प्राप्त किये हैं। विद्यालय की डायरेक्टर प्रिंसिपिल डा. सीमा विश्वास के अनुसार वंशिका ने स्कूल टॉप किया है। सारा जिया 96 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय तथा सूर्यांशिका व आदीया 95.6 प्रतिशत अंकों के साथ संयुक्त रूप से तृतीय स्थान पर रही। अधिकतर छात्र-छात्राओं ने 90 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त किये हैं। विद्यालय की डायरेक्टर प्रिंसिपिल डा. सीमा विश्वास ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि छात्र-छात्राओं की कठिन मेहनत, शिक्षकों के समर्पित मार्गदर्शन एवं अभिभावकों के सहयोग से यह उत्कृष्ट परिणाम संभव हो पाया है। विद्यालय के प्रबंधक अनिल चौधरी ने सभी छात्र-छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## शानदार रहा जेनेसिस स्कूल का परीक्षाफल

**अफजलगढ़ ( चिंगारी )।** सीबीएसई बोर्ड की तरफ से मंगलवार को 12वीं क्लास का रिजल्ट घोषित किया गया, जिसमें जेनेसिस स्कूल के बच्चों ने शानदार कामयाबी हासिल कर स्कूल और अपने मां-बाप का नाम रोशन किया। रिजल्ट आने के बाद स्कूल में खुशी का माहौल रहा और बच्चों को मुबारकबाद दी गई। स्कूल की छात्रा त्रिशिता रावत ने 92.8 फीसदी नंबर हासिल कर स्कूल में पहला मुकाम हासिल किया। वहीं माही चौहान ने 92 फीसदी नंबर लेकर दूसरा और शुभ जैन ने 88.2 फीसदी नंबर हासिल कर तीसरा मुकाम प्राप्त किया। इसके अलावा भी कई बच्चों ने अच्छे नंबर हासिल कर कामयाबी पाई। स्कूल मैनेजमेंट और टीचर्स ने सभी कामयाब बच्चों को मुबारकबाद देते हुए उनके बेहतर मुस्तकबिल की दुआ की। इस मौके पर स्कूल के एमडी सनप्रीत सिंह सहोता ने कहा कि बच्चों की यह कामयाबी उनकी मेहनत, टीचर्स की अच्छी तालीम और वालिदैन के सहयोग का नतीजा है। स्कूल के प्रिंसिपल कुलदीप सिंह ने कहा कि मेहनत, लगन और डिसिप्लिन से हर मंजिल हासिल की जा सकती है। उन्होंने कहा कि बच्चों ने मेहनत से यह मुकाम हासिल किया है।






## लक्ष्य गोयल रहे एकेडमी के टॉपर

**नांगल सोती ( चिंगारी )। बुधवार को घोषित हुए सीबीएसई के 12 वीं कक्षा के परीक्षाफल के मुताबिक स्प्रिंग फील्ड सीनियर सैकेंडरी एकेडमी नयागांव ( मंडावली ) में नांगल निवासी लक्ष्य गोयल ने 86 प्रतिशत अंक प्राप्त करके टॉप किया। एकेडमी के एमडी कुलदीप सिंह और प्रधानाचार्या डा. करुणा शर्मा ने बताया कि अदिति एवं मोहनपुर निवासी अन्विशा 82 प्रतिशत अंक प्राप्त कर संयुक्त रूप से द्वितीय स्थान पर और गार्गी 76 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान पर रही। नजीबाबाद निवासी रोहन ने अंग्रेजी विषय में 93 अंक , नांगल सोती निवासी अदिति एवं लक्ष्य ने आर्ट विषय में 100 में से 100 अंक और अदिति ने हिंदी में 93 अंक प्राप्त कर नाम रोशन किया। 12 वीं का कुल परीक्षाफल 80 प्रतिशत रहा। प्रबंधक और प्रधानाचार्या ने सभी सफल विद्यार्थियों , उनके अभिभावकों और सभी शिक्षकों -शिक्षिकाओं को हार्दिक बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होने कहा कि ऑनलाइन मूल्यांकन होने के कारण बच्चों का बहुत अधिक नुकसान होने की आशंका थी , परन्तु परीक्षाफल काफी अच्छा रहा।**

## के.एस. चिल्ड्रंस एकेडमी का रिजल्ट रहा शत-प्रतिशत



**कोतवाली देहात ( चिंगारी )।** के.एस. चिल्ड्रन्स एकेडमी का कक्षा 12 का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। विद्यालय के छात्र मोहम्मद समीर ने बायोलॉजी वर्ग में 93.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया तथा स्कूल टॉपर बने। द्वितीय स्थान पर जतिन सैनी रहे, जिन्होंने गणित वर्ग में 88.2 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। वहीं अल्तमश ने बायोलॉजी वर्ग में 83 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान हासिल किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य इंद्रपाल सिंह ने कहा कि कठिन परिश्रम से ही सफलता प्राप्त की जा सकती है। हमारे छात्र-छात्राएं ग्रामीण परिवेश से आते हैं, जहां सुविधाओं की कमी होने के बावजूद बच्चे निरंतर सफलता प्राप्त कर रहे हैं। इसका श्रेय अभिभावकों एवं अध्यापकगणों के कठिन परिश्रम और प्रोत्साहन को जाता है।

## सत्यवती एकेडमी का रिजल्ट रहा बेहतरीन



**किरतपुर ( चिंगारी )।** सीबीएसई द्वारा घोषित कक्षा 12वीं के परीक्षा परिणामों में सत्यवती मेमोरियल एकेडमी के छात्र-छात्राओं ने अपनी मेहनत और लगन से शानदार सफलता हासिल की है। हर साल की तरह इस बार भी स्कूल का रिजल्ट बेहतरीन जिससे पूरे विद्यालय परिवार में खुशी का माहौल है। परीक्षा के नतीजों इर्तिक़ा ने 96 प्रतिशत अंक पाकर स्कूल में पहला स्थान हासिल किया है। वहीं, साक्षी ने 91 प्रतिशत अंकों के साथ दूसरा और धैर्य रस्तौगी ने 90.5 प्रतिशत अंक लेकर तीसरा स्थान प्राप्त किया है। इन टॉपर्स के साथ-साथ कई अन्य विद्यार्थियों ने भी अच्छे अंकों से परीक्षा पास कर अपने माता-पिता और स्कूल का नाम रोशन किया है। विद्यार्थियों की इस कामयाबी पर स्कूल के शिक्षकों और मैनेजमेंट ने उन्हें ढेरों बधाइयां दी हैं। स्कूल प्रबंधन का मानना है कि बच्चों की यह सफलता उनकी दिन-रात की मेहनत और शिक्षकों के सही दिशा-निर्देश का परिणाम है। साथ ही, बच्चों की पढ़ाई में उनके माता-पिता का सहयोग भी बहुत सराहनीय रहा है।

## परी कर्णवाल ने किया स्कूल टॉप

**नूरपुर ( चिंगारी )।** नूरपुर निवासी नरेश कर्णवाल एडवोकेट की सुपुत्री परी कर्णवाल ने कामर्स वर्ग में सेंट मेरीज स्कूल धामपुर को टॉप किया है। परी कर्णवाल ने सीबीएसई बोर्ड की 12वीं कक्षा में 94.6 प्रतिशत अंक पाकर स्कूल टॉप किया है। उल्लेखनीय है कि परी कर्णवाल की बड़ी बहन अनुष्का कर्णवाल ने भी सेंट मैरीज स्कूल धामपुर से जिला टॉप किया था तथा आजकल वह आईएएस है तथा दिल्ली से सचिवालय में जिनकी पोस्टिंग है।





## अभिमन्यु ने किया स्कूल टॉप

**हल्दौर ( चिंगारी )।** सांई इंटरनेशनल सीनियर सेकेंडरी स्कूल के सीबीएसई बोर्ड के इंटरमीडिएट के आए परीक्षा परिणाम में छात्र अभिमन्यु ने 88 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल टॉप किया। बुधवार को सीबीएसई बोर्ड ने इंटरमीडिएट का रिजल्ट घोषित कर दिया। नगर की शिक्षण संस्था सांई इंटरनेशनल सीनियर सेकेंडरी स्कूल के इंटरमीडिएट के छात्र अभिमन्यु ने 88 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल में प्रथम स्थान प्राप्त किया। जबकि छात्रा शगुन ने 85 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान तथा छात्रा तपस्या ने 84 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल में तृतीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय प्रबंध कमेटी व समस्त स्टाफ ने उत्तीर्ण सभी छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामनाएं की हैं।

## अर्शिया नाज़ पर चिल्ड्रंस एकेडमी परिवार को नाज़




**नूरपुर ( चिंगारी )।** चिल्ड्रन्स एकेडमी सीनियर सेकेंडरी स्कूल के विद्यार्थियों ने केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की कक्षा 12वीं बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। विद्यालय की छात्रा अर्शिया नाज़ ने 91 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। यश देव एवं पलक देओरा ने 88 प्रतिशत अंक प्राप्त कर संयुक्त रूप से द्वितीय स्थान प्राप्त किया, जबकि श्रद्धा शर्मा ने 82.8 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। विषयवार प्रदर्शन में हिंदी कोर में पलक देओरा एवं श्रद्धा शर्मा ने 98 अंक, पेंटिंग में देवांश यादव ने 97 अंक तथा इंग्लिश कोर में पलक देओरा एवं अर्शिया नाज़ ने 93 अंक प्राप्त किए। विद्यालय के चेयरमैन एवं मैनेजिंग डायरेक्टर ने सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए उनकी सफलता का श्रेय विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों के समर्पण एवं अभिभावकों के सहयोग को दिया।



## सृष्टि चौहान बनी स्कूल टॉपर

**अफजलगढ़ ( चिंगारी )।** लॉम्बा कॉन्वेंट स्कूल, पेवंदखेड़ी कादराबाद का सत्र 2025-26 की कक्षा 12वीं का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा। विद्यालय की छात्रा सृष्टि चौहान ने 84 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं गुलनाज रुही ने 81 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा इंशांत कुमार एवं मानस कुमार पाल ने 75 प्रतिशत अंक प्राप्त कर संयुक्त रूप से तृतीय स्थान हासिल कर विद्यालय का नाम रोशन किया। विद्यालय के प्रबंधक जितेंद्र सिंह लांबा एवं प्रधानाचार्य अमित कुमार ने परीक्षा में सफल सभी छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## आरआर पब्लिक स्कूल का परीक्षा परिणाम रहा 99 प्रतिशत



**नूरपुर ( चिंगारी )।** सीबीएसई द्वारा घोषित बारहवीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में आरआर पब्लिक स्कूल का परीक्षा परिणाम 99 प्रतिशत रहा। विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय एवं अपने अभिभावकों का नाम गौरवान्वित किया। विद्यालय की छात्रा मनु ने 94 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। दीया त्यागी ने 93.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय तथा सत्यम त्यागी एवं हना अजहर ने संयुक्त रूप से 89 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में तृतीय स्थान हासिल किया। प्रधानाचार्य प्रणय मनु गुप्ता के अनुसार 21 विद्यार्थियों ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए, जबकि 12 विद्यार्थियों ने 75 से 80 प्रतिशत के मध्य अंक हासिल किए। स्कूल के चेयरमैन डॉ. मनुजेन्द्र गुप्ता ने उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम पर सभी छात्र-छात्राओं, अभिभावकों एवं शिक्षकों को बधाई देते हुए कहा कि विद्यार्थियों की मेहनत एवं शिक्षकों के समर्पण का ही परिणाम है कि विद्यालय निरंतर सफलता के नये आयाम स्थापित कर रहा है।

26 जनवरी 1950 को स्थापित/संस्थापक बाबूसिंह चौहान

चिंगारी

बिजनौर : गुरुवार , 14 मई , 2026

www.dainikchingari.com

# उत्तर प्रदेश में आंधी-तूफान से 96 लोगों की मौत



लखनऊ (एजेंसी/चिंगारी)। उत्तर प्रदेश के कई जिलों में बुधवार को आए तेज आंधी-तूफान और बारिश ने भारी तबाही मचाई। तेज हवाओं के कारण पेड़ और बिजली के खंभे गिर गए, जिससे कई जगह बिजली आपूर्ति बाधित हो गई। आंधी-पानी की चपेट में आने से अलग-अलग जिलों में 96 लोगों की मौत हो गई, जबकि 50 से ज्यादा लोग घायल भी हुए हैं। सबसे ज्यादा वाराणसी, प्रयागराज और कानपुर मंडल में लोगों की मौत हुई है। ग्रामीण क्षेत्रों में कच्चे मकान और टीन शेड उड़ गए, वहीं, फसलों को भी भारी नुकसान पहुंचा है। तेज बारिश और धूल भरी आंधी के कारण सड़कों पर आवाजाही प्रभावित रही। कई जगह पेड़ गिरने से यातायात बाधित हो गया। मरने वालों में भदोही में 18, मिर्जापुर में 15, प्रयागराज में 17, प्रतापगढ़ और बरेली में 4-4, फतेहपुर में 10, उन्नाव और बदायूं में 6-6, सीतापुर, रायबरेली, चंदौली, कानपुर देहात, हरदोई और संभल में दो-दो, कौशांबी, शाहजहांपुर, सोनभद्र और लखीमपुरखीरी में एक-एक लोग शामिल हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश में बेमौसम बारिश, आंधी और बिजली गिरने से हुए नुकसान पर पीड़ितों को मुआवजा देने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि पीड़ितों को राहत पहुंचाने का काम 24 घंटे के अंदर पूरा किया जाए। प्रदेश में एक ओर जहां आंधी बारिश से नुकसान के अलावा गर्मी से कुछ राहत मिली, वहीं बुंदेलखंड समेत दक्षिणी जिलों में तेज धूप और भीषण गर्मी ने लोगों को बेहाल किया। बांदा 45.4 डिग्री सेल्सियस तापमान के साथ प्रदेश का सबसे गर्म शहर रहा।

# वीडी सतीशन होंगे केरलम के मुख्यमंत्री



## चुनाव नतीजे के 10 दिन बाद कांग्रेस का ऐलान

तिरुवनंतपुरम (एजेंसी/चिंगारी)। कांग्रेस नेता वी डी सतीशन (61) केरलम के सीएम होंगे। कांग्रेस ने आज राज्य के चुनाव नतीजे घोषित होने के 10 दिन बाद इसका ऐलान किया। सतीशन परावूर सीट से विधायक हैं। कांग्रेस नेता दीपा दासमुंशी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि कांग्रेस ने तिरुवनंतपुरम में 7 मई को मीटिंग की थी। पार्टी अध्यक्ष खड़गे, राहुल गांधी से चर्चा के बाद तय किया गया कि केरलम सीएम वीडी सतीशन होंगे। नाम के ऐलान होने का बाद सतीशन ने कहा- मैं इस पद को निजी उपलब्धि नहीं बल्कि दैवीय कृपा मानता हूं। मैं वेणुगोपाल, रमेश चेन्निथला समेत सभी नेताओं को अपने विश्वास में लूंगा। दरअसल, केरलम के मुख्यमंत्री पद के लिए तीन नेताओं केसी वेणुगोपाल, रमेश चेन्नीथला और वी डी सतीशन के नाम चर्चा में थे। आखिर में सतीशन के नाम पर मुहर लगी। रिजल्ट के बाद केरलम कांग्रेस लंबे समय से अलग-अलग गुटों में बंटी रही। एक धड़ा सतीशन के समर्थन में था, जिन्हें नई पीढ़ी और आक्रामक विपक्षी चेहरा माना जाता है। दूसरा धड़ा वेणुगोपाल और चेन्निथला के पक्ष में था। दावा किया जा रहा था कि ज्यादातर विधायक वेणुगोपाल के समर्थन में थे।

# करीमपुर में दो पक्षों में मारपीट व पथराव

नहटौर (चिंगारी)। नहटौर संवाददाता मोहित शर्मा के अनुसार पिछले 24 घंटों में इलाके में 3 बड़ी घटनाएं हुईं। समीपवर्ती ग्राम करीमपुर में ई-रिक्शा खड़ी करने को लेकर धर्मपाल सिंह सुभाष पक्षों में जमकर मारपीट तथा पथराव हुआ, जिसमें कई लोग घायल हो गये। सूचना मिलने पर सीओ धामपुर अभय कुमार पांडे भी रात में ही मौके पर पहुंचे। दोनों पक्षों के कुछ लोगों को पुलिस ने हिरासत में लिया है। घायलों का सीएचसी में उपचार चल रहा है। प्रभारी निरीक्षक रविंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि सुभाष की तहरीर पर चार लोगों के विरुद्ध मामला दर्ज किया गया है।

## अखेड़ा के पास, मिली युवक की लाश

नहटौर-नूरपुर मार्ग पर स्थित ग्राम अखेड़ा से निकलने वाली गांगन नदी की नहर के बंदे के पास आज पूर्वाह्न 11 बजे एक अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद हुआ। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को उठाकर पोस्टमार्टम के लिये भेजा। मृतक की आयु लगभग 35 वर्ष आंकी गई। समाचार लिखे जाने तक मृतक की शिनाख्त नहीं हो सकी थी।

## तरकौली में युवक का शव पेड़ से लटका मिला

ग्राम सादातनगर उर्फ तरकौली निवासी 25 वर्षीय अंकुल पुत्र राकेश सैनी का शव खेत में पेड़ से लटका हुआ मिला। परिजनों के अनुसार अंकुल कल ही हरिद्वार से लौटा था। आज सुबह वह खेत पर जाने के लिये कहकर निकला था। दोपहर को उसका शव खेत में पेड़ पर लटका मिला। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिये भेजकर जांच शुरू कर दी है। पता चला है कि अंकुल का जमीन के बंटवारे को लेकर परिजनों से मन-मुटाव था।

# उत्तर प्रदेश में अब गर्मी होगी प्रचंड, चलेगी लू

लखनऊ (एजेंसी/चिंगारी)। पिछले दिनो आंधी बारिश के कारण उत्तर प्रदेश में गर्मी के तेवर में नरमी आने से राहत महसूस कर रहे लोगों को एक बार फिर प्रचंड गर्मी और लू के लिये तैयार रहना होगा। मौसम विभाग ने प्रदेश में अगले एक सप्ताह के दौरान मौसम के शुष्क रहने तथा तापमान में लगातार वृद्धि होने के कारण प्रदेश के दक्षिणी हिस्सों में एक बार फिर लू चलने की संभावना जताई है। मौसम विभाग के अनुसार निचले क्षोभमंडल में प्रदेश के पश्चिमोत्तर भाग पर बने चक्रवाती परिसंचरण तथा दक्षिणी राजस्थान से आ रही पुरवा हवाओं की मध्य क्षोभमंडलीय पछुआ हवाओं के साथ प्रतिक्रिया के कारण प्रदेश के कई हिस्सों में तेज आंधी और बारिश दर्ज की गई। इस दौरान कुछ स्थानों पर 100 किलोमीटर प्रति घंटा से अधिक रफ्तार की आंधी तथा 60 से 70 किलोमीटर प्रति घंटा की झोंकेदार हवाएं चलीं। हालांकि आंधी और वर्षा के बावजूद प्रदेश के अनेक हिस्सों में तापमान में बढ़ोतरी दर्ज की गई है। मौसम विभाग के अनुसार बुंदेलखंड क्षेत्र में बुधवार को अधिकतम तापमान 45 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया। बांदा में सर्वाधिक 45.4 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया, जबकि झांसी में 44.5 डिग्री और प्रयागराज में 43.5 डिग्री सेल्सियस तापमान रिकॉर्ड किया गया।

## विज्ञप्ति

### नीलामी बाग बहार

बिजनौर इण्टर कॉलेज, बिजनौर के कस्बा मण्डावर में स्थित बाग बहार आम की नीलामी चार वर्ष (2026-2027, 2028 व 2029) के लिये मोहर बंद निविदा दिनांक 16.5.2026 की 12:00 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं। इच्छुक व्यक्ति 50 रु. का टैण्डर फार्म कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त कर सकते हैं।

मौ. वाजिद खां (एडवोकेट)
नामित सदस्य/प्रबंध संचालक
बिजनौर इ.का. बिजनौर



















**भली लगे या बुरी...**

# हाल-ए-बंगाल

पश्चिम बंगाल में राज्य में भले ही वाममोर्चा सरकार ने 'आपरेशन बर्गा' के माध्यम से उल्लेखनीय भूमि सुधार कर भूमिहीन किसानों तथा बटाईदारों को खेती की भूमि पर अधिकार दिलाने का पूरे देश में असाधारण प्रयोग किया, पर उसके शासनकाल में भी राज्यों से उद्योगों का पलायन जारी रहा जो ममता बनर्जी के शासनकाल में और तेज हुआ। आपरेशन बर्गा से मिली जमीनी सफलता के बाद वाममोर्चा सरकार 'नक्सलवाद' के रूप में उभरे अति-वामपंथी भटकाव को समाप्त करने में भी सफल हुई, पर इसके साथ ही गांव-गांव में उभरे उसके 'स्टालिनवादी तंत्र' ने 34 साल तक राज्य की सत्ता में उसे स्थापित रखने में प्रमुख भूमिका निभाई। सिंगुर और नंदीग्राम में टाटा की नैनो फैक्ट्री द्वारा भूमि अधिग्रहण का हिंसक विरोध कर सुर्खियों में आई ममता बनर्जी ने रातोंरात इस स्टालिनवादी तंत्र पर कब्जा कर वाममोर्चा सरकार को प्रचंड बहुमत से पराजित कर दिया। लेकिन उनकी अवसरवादी व परिवारवादी नीतियों तथा 'विकास' के प्रति कोई दृष्टिकोण न होने के कारण एक समय आजादी के पहले ही देश के आर्थिक विकास में अग्रणी भूमिका निभाने वाला बंगाल लगातार गरीबी, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार और अपराध के दलदल में डूबता चला गया। इस समय भाजपा की प्रचंड विजय उसे अभूतपूर्व अवसर देने के साथ उसके सामने ऐसी अनेक चुनौतियां भी पेश करती हैं जो पश्चिम बंगाल के इतिहास और भौगोलिक स्थितियों से पैदा हुई हैं। गृह मंत्री अमित शाह, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तथा अब राज्य के मुख्यमंत्री बने शुभेंदु अधिकारी ने राज्य को घुसपैठियों, टोलाबाजों व भ्रष्टाचारी माफिया तत्वों से मुक्त कर राज्य में भाजपा का चुनाव घोषणा-पत्र पूरी तरह लागू करने का वादा किया है। ममता बनर्जी ने इस भय से केन्द्र की एक भी योजना राज्य में लागू नहीं की थी कि इसका भाजपा को चुनावी लाभ मिल सकता है। अब भाजपा ने घोषणा की है कि वह आयुष्मान भारत योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, मुफ्त खाद्यान्न योजना तथा वीबी-जी रामजी योजना फौरन लागू करेगी ताकि बंगाल की जनता को उसका लाभ दिलाया जा सके। ममता बनर्जी केन्द्र पर राज्य के साथ पक्षपात करने का आरोप तो लगाती रही हैं, पर मनरेगा जैसी योजना के लिए उपयुक्त कागजी कार्रवाई पूरी न करने के कारण केन्द्र सरकार ने भारी मात्रा में धनराशि रोक रखी थी। केन्द्र सरकार का आरोप था कि मनरेगा में फर्जी काम और फर्जी सूचियों के माध्यम से ममता बनर्जी अपने 'टोलाबाजों' को पैसा दिला कर पार्टी का तंत्र मजबूत करना चाहती थीं। विडंबना है कि पश्चिम बंगाल के राज्य प्रशासन और पुलिस में भ्रष्टाचार जड़ों तक घुस गया है तथा उनका भयानक राजनीतीकरण और राजनीति का अभूतपूर्व अपराधीकरण हुआ है। भाजपा ने इन चुनौतियों का सामना करने का वादा किया है।

# देश के सामने एनटीए के रूप में व्यापमं का राष्ट्रीय संस्करण

**-अंजनी सक्सेना**

आखिर वही हुआ जिसका डर था। देश के लाखों बच्चे एक बार फिर नेशनल टेस्टिंग एजेंसी(एनटीए) की लापरवाही के कारण पुन: गंभीर मानसिक तनाव और शैक्षणिक उत्पीड़न झेलने के लिए विवश हैं। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने 3 मई को हुई नीट की परीक्षा पेपर लीक होने के बाद अब रद्द कर दी है। अब इस परीक्षा में शामिल हुए सभी बच्चों को यह परीक्षा दोबारा देनी होगी। भारत जैसे देश में, जहां एक साधारण परिवार का बच्चा वर्षों तक अपनी आंखों में डॉक्टर बनने का सपना संजोता है, सारे परिवार की आशा और आकांक्षाएं नीट पर टिकी होती हैं। वहां परीक्षा की शुचिता भंग हो चुकी है। यह सिर्फ एक पेपर लीक का मामला नहीं, बल्कि एक पूरी पीढ़ी के आत्मविश्वास की हत्या जैसा है। नीट (NEET UG 2026) के ताजा घटनाक्रमों ने नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (NTA) को कटघरे में खड़ा कर दिया है। केरल, हरियाणा, राजस्थान से लेकर उत्तराखंड तक लीक पेपर का वाट्सएप पर बंट जाना चीख-चीखकर कह रहा है कि यह बिना अंदरूनी मिलीभगत के संभव नहीं है। ऐसा लग रहा है कि हमारे देश में अनजाने में व्यापमं (VYAPAM) जैसे किसी भयानक जिन्न को राष्ट्रीय स्तर पर पाला जा रहा है? लाखों छात्रों के भविष्य और उनकी मानसिक प्रताड़ना को लेकर किसी की चिंता नहीं है। बच्चों को घंटों पुलिस थाने में बिठाकर पूछताछ हो रही है, तब अनिवार्य हो गया है कि बच्चों को पेपर किसने भेजा के बजाए पेपर कहां से और किसकी लापरवाही से लीक हुआ इसकी जांच की जाए। एनटीए की भूमिका, औचित्य और ईमानदारी पर भी ईमानदारी से ही प्रश्न पूछे जाएं। मध्य प्रदेश का व्यापमं घोटाला स्वतंत्र भारत के सबसे बड़े शिक्षा घोटालों में से एक था। इसी घोटाले के बाद प्रवेश परीक्षाओं में अनियमितता, भ्रष्टाचार और लापरवाही को रोकने के लिए एनटीए को प्रवेश परीक्षाएं कराने की जिम्मेदारी दी गयी थी। यदि हम व्यापमं की कार्यशैली और वर्तमान में एनटीए के तहत हो रही गड़बड़ियों की तुलना करें, तो पैटर्न डरावने हद तक समान नजर आता है। व्यापमं में भी एक राज्य से दूसरे राज्य तक फैले बिचौलिये सक्रिय थे। नीट 2026 में भी हम देख रहे हैं कि केरल में बैठा एक छात्र राजस्थान के सीकर में पेपर सप्लाई कर रहा है। यह अंतर्राज्यीय जाल बिना किसी संगठित सिंडिकेट के नहीं चल सकता। व्यापमं में अधिकारियों और




प्रिंटिंग प्रेस की मिलीभगत से पेपर बाहर आते थे। नीट के मामले में भी, जिस तरह से बायोलॉजी और केमिस्ट्री के प्रश्नों का क्रम तक नहीं बदला और हाथ से लिखे 150 सवाल हूबहू मैच कर गए, उससे यह आशंका प्रबल हो रही है कि सेंधमारी सोर्स (Source) पर ही हुई है। व्यापमं की जांच भी सीबीआई ने की और उसकी जांच में सालों लग गए, क्योंकि उसमें सफेदपोशों के हाथ थे। एनटीए की चुप्पी भी इसी आशंका को बल देती है कि कहीं रक्षक ही तो भक्षक नहीं बन गए? अभी तक जो जानकारियां मिली हैं उनके अनुसार पेपर लीक के इस मामले में कई लोगों से पूछताछ हो रही है जिनमें अनेक बच्चे भी शामिल हैं, लेकिन एनटीए (जिस पर परीक्षा कराने की पूरी जिम्मेदारी है, के किसी भी अधिकारी से किसी भी तरह की पूछताछ की कोई बात सामने नहीं आयी है। नीट 2026 में लगभग 22 लाख छात्र शामिल हुए। इनमें से अधिकतर वे हैं जो अपनी मेहनत के दम पर 600-650 का आंकड़ा छूने का प्रयास करते हैं। लेकिन जब परीक्षा से कई दिन पहले ही बाजार में 600 नंबर के सवाल के 150 प्रश्न व्हाट्सएप पर Forwarded many times के टैग के साथ घूम रहे हों, तो योग्यता का दम घोंटना तो तय ही है।

सीकर में जिस तरह से एक मई को ही पेपर पहुंच गया था, उसने तकनीकी सुरक्षा के एनटीए के दावों की हवा निकाल दी है। एनटीए कहता है कि उनके पास 5 जी जैमर्स और बायोमेट्रिक्स हैं, जैमर से वे व्हाट्सएप को परीक्षा केंद्र के अंदर आने से तो रोक लेते हैं, लेकिन जो प्रश्न पेपर होने से आठ दिन पहले ही वाट्सएप की दुनिया में फारवर्ड होने लगे हों उसे रोकने की एनटीए ने क्या व्यवस्था की उसकी जानकारी किसी को नहीं है। यह तो जग जाहिर है कि किसी भी संस्थान में भ्रष्टाचार तब तक जड़ नहीं जमाता, जब तक कि शीर्ष पर बैठे लोग अपनी आंखें मूंद न लें या खुद उस भ्रष्टाचार का हिस्सा न बन जाएं। अब समय आ गया है कि एनटीए के कर्ताधर्ताओं पर भी शक की सुई घुमायी जाए। उनकी संपत्ति और उनके जीवन स्तर (लाइफ स्टाइल) की गहन जांच की जाए। एनटीए के उन तमाम अधिकारियों की पिछले 5 वर्षों की चल-अचल संपत्ति का ऑडिट होना चाहिए, जो परीक्षा प्रक्रिया, पेपर सेटिंग और प्रिंटिंग प्रेस के चयन से जुड़े हैं। अधिकारियों के रिश्तेदारों, नौकर-चाकरों और उनके बिजनेस पार्टनर्स के बैंक खातों की जांच होनी चाहिए। अक्सर भ्रष्टाचार का पैसा सीधे खातों में न जाकर 'बेनामी' रास्तों से घूमता है।

# प्रधानमंत्री की अपील का असर, पूर्व सांसद भारतेन्द्र सिंह ने रिक्शा, बस व रेल में किया सफ़र

**बिजनौर (चिंगारी)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अपील का सकारात्मक प्रभाव हुआ है। वरिष्ठ नेता पब्लिक ट्रांसपोर्ट यूज करने लगे हैं। इस क्रम में पूर्व सांसद राजा भारतेन्द्र सिंह ने पहल करते हुए ई-रिक्शा, रोडवेज बस तथा ट्रेन में यात्रा कर संदेश दिया है।

पूर्व सांसद भारतेन्द्र सिंह को कल बिजनौर से अपने पैतृक आवास साहनपुर किला जाना था। उन्होंने प्रधानमंत्री की अपील को मानते हुए रोडवेज बस स्टैण्ड पहुंच कर टिकट लिया और बस से नजीबाबाद तक यात्रा की। वहां से उन्होंने ई-रिक्शा ली और साहनपुर पहुंचे। उधर, आज सुबह पूर्व सांसद ने नजीबाबाद से बिजनौर तक पैसेंजर ट्रेन में यात्रा की। इस दौरान राजा भारतेन्द्र सिंह ने बस व ट्रेन में सफर करने वाले आम लोगों से प्रधानमंत्री








की तेल की बचत को लेकर चर्चा की। भारतेन्द्र सिंह का कहना है कि आम लोगों पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अपील का बहुत सकारात्मक प्रभाव पड़ा है।

पूर्व सांसद ने कहा कि खाड़ी देशों में युद्ध की स्थिति बनी हुई है, ऐसे में तेल का वैश्विक संकट खड़ा हो गया है। प्रधानमंत्री ने संकट को देखते हुए देशवासियों से तेल की बचत करने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने स्वयं अपने काफिले में कटौती कर उदाहरण प्रस्तुत किया है। ऐसे में अन्य नेताओं व जनप्रतिनिधियों को भी पब्लिक ट्रांसपोर्ट का इस्तेमाल कर देश को संकट से उबारने में सहयोग करना चाहिए। उन्होंने कहा कि हर चीज का विरोध करने के आदी विपक्षी दलों ने प्रधानमंत्री की इस अपील पर भी नकारात्मक राजनीति शुरू कर दी है, जो दुर्भाग्यपूर्ण है।

# साइबर अपराधियों से बचने के लिये पुलिस ने 11 नियम बताये

**बिजनौर (चिंगारी)।** बढ़ते साइबर अपराधों को देखते हुए उत्तर प्रदेश पुलिस ने आमजन को जागरूक करने के लिए साइबर जागरूकता के 11 नियम जारी किए हैं। पुलिस ने लोगों से सतर्क रहने और किसी भी अनजान कॉल, लिंक या ऑनलाइन ऑफर पर भरोसा न करने की अपील की है। बिजनौर पुलिस द्वारा जारी जागरूकता पोस्टर में बताया गया है कि किसी परिचित की आवाज में ऑनलाइन उधार या रुपये मांगने पर




तुरंत विश्वास न करें। पहले संबंधित व्यक्ति को कॉल कर पुष्टि जरूर करें। पुलिस ने लोगों को फर्जी सरकारी अधिकारी बनकर घरेलू सामान बेचने या स्थानांतरण के नाम पर दिए जाने वाले ऑफरों से भी सावधान रहने को कहा है। इसके अलावा सोशल मीडिया, व्हाट्सएप या अन्य माध्यमों से भेजे गए अनजान ट्रेडिंग एप और लिंक पर निवेश करने से बचने की सलाह दी गई है। यूपी पुलिस ने स्पष्ट किया है कि ऑनलाइन भुगतान प्राप्त करने के लिए यूपीआई पिन डालने की आवश्यकता नहीं होती। इसके अलावा कार्ड नंबर, सीवीवी, एक्सपायरी डेट और ओटीपी जैसी गोपनीय जानकारी किसी के साथ साझा न करने की अपील की गई है।

### वायरल पोस्ट की पहले करें जांच

पुलिस ने कहा कि सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो, पोस्ट या अफवाहों को बिना सत्यापन शेयर करने से बचें। कई बार फर्जी ख़बरें लोगों को भ्रमित करने और ठगी के लिए फैलाई जाती हैं।

### अपने बैंक खाते का इस्तेमाल न करने दें

पुलिस एडवाइजरी में कहा गया है कि अपना बैंक खाता किसी दूसरे व्यक्ति को कमीशन के लालच में इस्तेमाल करने देना कानूनी कार्रवाई का कारण बन सकता है। साइबर अपराधी ऐसे खातों का उपयोग ठगी की रकम ट्रांसफर करने में करते हैं।

### जॉब ऑफर व लोन लिंक से रहें दूर

विदेश में नौकरी दिलाने या ऑनलाइन जॉब ऑफर के नाम पर होने वाली ठगी को लेकर भी लोगों को सचेत किया गया है। इसके अलावा बीमा, लोन और सब्सिडी के नाम पर आने वाले अनजान लिंक न खोलने की सलाह दी गई है।

### डाउनलोड करना हो सकता है खतरनाक

व्हाट्सएप या अन्य प्लेटफॉर्म पर आने वाली एपीके फाइलों को डाउनलोड करने से बचने को कहा गया है। पुलिस के अनुसार ऐसे एप फोन हैक कर सकते हैं और बैंक खातों तक पहुंच बना सकते हैं।

### डिजिटल अरेस्ट जैसी कोई कानूनी प्रक्रिया नहीं

पुलिस ने साफ किया है कि डिजिटल अरेस्ट नाम की कोई कानूनी प्रक्रिया नहीं होती। कोई भी पुलिस या सरकारी एजेंसी वीडियो कॉल पर गिरफ्तारी नहीं करती। ऐसे मामलों में तुरंत सतर्क होकर शिकायत करें।

### हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कॉल करें

एएसपी सिटी डा. केजी सिंह ने कहा कि साइबर अपराध का शिकार होने पर तुरंत हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कॉल करने और राष्ट्रीय साइबर क्राइम पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराएं। साइबर अपराध से जागरूक रहें और दूसरों को भी साइबर सुरक्षा के प्रति सचेत करते रहें।

# एसपी ने किये कई दरोगाओं के तबादले

**बिजनौर (चिंगारी)।** एसपी अभिषेक झा ने कई दरोगाओं के तबादले किए हैं। एसपी कार्यालय से प्राप्त जानकारी के मुताबिक पुलिस लाइन से उपनिरीक्षक कुलवीर सिंह को प्रभारी चौकी साहनपुर, नजीबाबाद, दरोगा सुभाष चन्द्र को प्रभारी चौकी सिविल लाइन, कोतवाली शहर दरोगा विनोद कुमार को थाना हीमपुर दीपा, दरोगा मनवीर सिंह को प्रभारी चौकी दौलतपुर, नूरपुर, दरोगा गजराज सिंह को प्रभारी चौकी बास्टा, चांदपुर, दरोगा महेश कुमार व दरोगा अरविन्द भट्ट व दरोगा कमल सिंह को थाना अफजलगढ़ भेजा गया है। वहीं दरोगा मुकेश बाबू राजौरा को थाना शिवालाकलां से प्रभारी चौकी जाफराबाद, नजीबाबाद, दरोगा अमूल मिश्रा को प्रभारी चौकी दौलतपुर, नूरपुर से प्रभारी चौकी स्वामी अवधेशानन्द, मंडावली बनाया गया है। एसपी अभिषेक झा ने संबंधित अधिकारियों को तत्काल अपने नवीन तैनाती स्थल पर कार्यभार ग्रहण करने के निर्देश दिये हैं।

# छात्र संसद व कन्या भारती का गठन

**अफजलगढ़ (चिंगारी)।** यहां स्थित सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में प्रधानाचार्य सुदर्शन सिंह के नेतृत्व में छात्र संसद व कन्या भारती का गठन छात्र-छात्राओं में लोकतंत्र की भावना विकसित करने एवं उनमें उत्तरदायित्व का बोध जागृत करने हेतु किया गया।



पद एवं गोपनीयता की शपथ लेते छात्र-छात्राएं।

प्रधानाचार्य सुदर्शन सिंह ने बताया कि इससे छात्र-छात्राओं में नेतृत्व करने की क्षमता विकसित होती है। छात्र संसद एवं कन्या भारती में चुने गए छात्र-छात्राओं को शांतिकुंज, भज्जावाला के पुरोहित रवि शंकर एवं श्रीमती पुष्पा देवी ने पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। छात्र संसद के अंतर्गत देवांश वत्सल को प्रधानमंत्री, सारांश कुमार को उपप्रधानमंत्री, अक्षय प्रताप सिंह को सेनापति, ऋषभ प्रताप सिंह को उप-सेनापति, शुभ चौहान को अनुशासन मंत्री, सचिन कुमार को चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री, दिव्यांश को बागवानी एवं पर्यावरण मंत्री, देव कुमार को परिवहन मंत्री बनाया गया। इसी प्रकार 'कन्या भारती' के अंतर्गत प्राची चौहान को प्रधानमंत्री, दीया रुहेला को उप-प्रधानमंत्री, अंशिका सिंह को सेनापति, सांची कुमारी को उप-सेनापति, संध्या, सुहानी को प्रार्थना सभा मंत्री, छवि व अंजलि को अनुशासन मंत्री, निशा को चिकित्सा मंत्री, सोनाक्षी को बागवानी एवं पर्यावरण मंत्री, संध्या को परस्कर मंत्री के पदों पर चुना गया। इसी प्रकार अन्य छात्र-छात्राओं को भी अलग-अलग उत्तरदायित्व सौंपे गए।

शपथ ग्रहण समारोह को संपन्न कराने में राजीव कुमार गुप्ता, ओमकार सिंह, श्रीमती अनीता देवी, श्रीमती अरुणा देवी आदि की सहभागिता रही।

# बच्चों को भा रहा खेल विधि से शिक्षण

**अफजलगढ़ (चिंगारी)।** स्कूलों में बच्चों को खेल विधि से दी जा रही शिक्षा बच्चों को



भा रही है। अनेक रचनात्मक कला कौशल से बच्चे आसानी से पाठ्यक्रम को सीख रहे हैं।

कस्बे में स्थित इलाही बख्श पब्लिक स्कूल में बच्चों को नयी शिक्षा नीति के माध्यम से शिक्षण दिया जा रहा है। विषयों को व्यावहारिक रूप से ज्ञान बोध कराया जा रहा है। भारी भरकम बैग व किताबों को अब बच्चे बोझ नहीं समझ रहे हैं। प्रार्थना सभा में समसामायिक घटनाक्रम, देश भक्ति, प्रात:कालीन विचारों को बच्चे आत्मसात कर रहे हैं। हिन्दी, उर्दू व अंग्रेजी विषय के समाचार पत्रों को पढ़ रहे हैं। मार्निंग ऐसेंबली प्रभारी शिक्षिका सबा मैडम व मुफती फैज का कहना है कि प्रतिदिन बच्चों को सकारात्मक उर्जा के संचार के लिए तैयारी कराई जा रही है। प्रबंध निदेशक मुफती एम इरफान कासमी का कहना है कि वर्तमान वातावरण में बच्चों पर शिक्षा बोझ नहीं बने वरन वह शिक्षा को अपने आचरण में लाकर एक अच्छा इंसान बनकर देश की सेवा करें। प्रशासनिक अधिकारी अथहर महमूद सिद्दीकी का कहना है कि नई शिक्षा नीति बच्चों को नया वातावरण दे रही है। उत्तर प्रदेश सरकार ने स्कूलों में अख़बार पढ़ने का आदेश बच्चों के हित में दिया है। इसका पालन करने से बच्चों में अख़बार के प्रति रूचि जाग्रत हो रही है। बच्चे आज करके सीखना व खेलकूद शिक्षा प्रणाली को अपना रहे हैं।

# बड़े भाई पर हमला करने वाले को 10 साल की सज़ा

**बिजनौर (चिंगारी)।** अपर सत्र न्यायाधीश पोक्सो एक्ट लोकेश नागर की अदालत ने बड़े भाई पर धारदार हथियार से हमला कर गंभीर रूप से घायल करने के मामले में आरोपी दिनेश को दोषी करार देते हुए 10 वर्ष के कठोर कारावास और 21 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता अजीत पंवार के अनुसार थाना शिवाला कलां क्षेत्र के गांव अल्लाउद्दीनपुर निवासी जौनी कुमार पुत्र महेश सिंह ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। रिपोर्ट में कहा गया कि 20 अप्रैल 2024 की रात करीब नौ बजे उसके सगे चाचा दिनेश शराब के नशे में गाली-गलौज कर रहे थे। जौनी के अनुसार उसके पिता महेश सिंह ने दिनेश को समझाने का प्रयास किया। इसी बात से नाराज होकर दिनेश ने धारदार हथियार से महेश सिंह के सिर पर हमला कर दिया। हमले में महेश सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए थे, जिनका बाद में निजी अस्पताल में उपचार कराया गया। घटना के बाद पुलिस ने आरोपी दिनेश के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज किया था। विवेचना पूरी होने के बाद पुलिस ने आरोप पत्र अदालत में पेश किया। मामले की सुनवाई के बाद अपर सत्र न्यायाधीश लोकेश नागर ने आरोपी दिनेश को दोषी मानते हुए 10 साल की कैद और 21 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई। अदालत ने आदेश दिया कि जुर्माने की राशि में से 15 हजार रुपये घायल पक्ष को दिए जाएं।

# वर्तमान हालात में ऊर्जा की बचत आवश्यक- मौसम

**बिजनौर (चिंगारी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर राष्ट्र सर्वोपरि की भावना को आत्मसात करते हुए वरिष्ठ भाजपा नेता एडवोकेट ऐश्वर्य मौसम चौधरी ने बुधवार को जैन धर्मशाला में व्यापारियों के साथ ऊर्जा बचाओ-राष्ट्र बचाओ विषय पर एक महत्वपूर्ण चिंतन बैठक की। बैठक में मौसम चौधरी ने ऊर्जा संरक्षण को राष्ट्र निर्माण का आधार बताते हुए व्यापारियों से इसमें सक्रिय सहयोग की अपील की।




मौसम चौधरी ने उपस्थित व्यापार मंडल के प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए कहा कि व्यापारी वर्ग समाज की आर्थिक रीढ़ है और ऊर्जा बचाने में उनकी भूमिका अत्यंत विशिष्ट है। उन्होंने जोर देकर कहा कि ऊर्जा की बचत न केवल पर्यावरण के लिए जरूरी है, बल्कि यह सीधे तौर पर हमारी आर्थिक उन्नति से भी जुड़ी है। उन्होंने बताया की अनावश्यक यातायात और प्रदूषण को कम करने के लिए सम्मिलित रूप से वाहनों का प्रयोग करें। भविष्य की ऊर्जा चुनौतियों से निपटने के लिए इलेक्ट्रिक वाहनों को अपनाना समय की मांग है।

मौसम ने कहा कि यदि हम आज ऊर्जा संरक्षण के प्रति जागरूक नहीं हुए, तो भविष्य में बड़ी परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। हमें अपनी आदतों में छोटे बदलाव करके बड़े लक्ष्यों को प्राप्त करना होगा। बैठक की अध्यक्षता सर्राफा संघ के अध्यक्ष अखिल अग्रवाल व संचालन भाजपा जिला उपाध्यक्ष जितेंद्र राजपूत ने किया, कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष उद्योग व्यापार मंडल मनोज कुछल, प्रदेश अध्यक्ष व्यापारी एकता परिषद अराजनैतिक राहुल वर्मा, अध्यक्ष अनाज किराना संघ एकांश माहेश्वरी, अध्यक्ष डिस्ट्रीब्यूटर एसोसिएशन चरणजीत सिंह, भाजपा नगर अध्यक्ष अंकुर गौतम, सुरेंद्र कपूर वरुण अग्रवाल, अमित अग्रवाल, हितेश, सुमित शर्मा, अनिल गंभीर, मानव सचदेवा, राजवीर चौहान, संदीप चौधरी, सचिन राजपूत, कपिल राजपूत, सचिन अग्रवाल, सचिन कर्णवाल, हितेश भाटिया, सुमित सिंघल, राहुल, शादाब अहमद, मरगूब अहमद, राजीव शर्मा, अनिल गोयल आदि व्यापारी उपस्थित रहे।

# पुष्प निकेतन का सीबीएसई 12वीं का परीक्षा परिणाम रहा शानदार

**धामपुर ( चिंगारी )।** सीबीएसई द्वारा घोषित 12वीं के परीक्षा परिणामों में पुष्प निकेतन स्कूल, धामपुर ने एक बार फिर शानदार प्रदर्शन करते हुए शत-प्रतिशत सफलता प्राप्त कर विद्यालय की गौरवशाली परंपरा को कायम रखा है। विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती रश्मि रेखा ने कहा कि विद्यार्थियों की यह सफलता उनकी कठिन मेहनत, अनुशासन, समर्पण तथा शिक्षकों के कुशल मार्गदर्शन का परिणाम है।




विज्ञान वर्ग में राघव चौधरी ने 90.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम, वैष्णवी गहलोत ने 90.0 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान तथा नव्या गुप्ता ने 89.0 प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। वाणिज्य वर्ग में सिद्धि बहल ने 85.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर सर्वोच्च स्थान हासिल किया। पार्थ ने 81.8 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय तथा प्रिंस चौहान ने 80.8 प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं मानविकी वर्ग में मानस मिश्रा ने 97.0 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया, अनन्या माहेश्वरी ने 90.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय तथा माही ने 88.4 प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के ओवरऑल टॉपर्स में मानस मिश्रा प्रथम, अनन्या माहेश्वरी द्वितीय तथा राघव चौधरी तृतीय स्थान पर रहे।

# दुर्गा पब्लिक स्कूल में अर्नव चौधरी रहे प्रथम



**धामपुर ( चिंगारी )।** दुर्गा पब्लिक सीनियर सेकेंड्री स्कूल का सीबीएसई कक्षा 12 का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। विद्यालय में अर्नव चौधरी ने 88 प्रतिशत अंक प्राप्त कर सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया। वहीं रमशा बटूल ने 82 प्रतिशत अंक प्राप्त किए तथा हर्षिका अरेलिया ने 81.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। विद्यालय के प्रबंधक आशीष कुमार ने कहा कि कठिन परिश्रम, अनुशासन और आत्मविश्वास सफलता की कुंजी हैं।

विद्यालय के प्रधानाचार्य राकेश चमोली ने कहा कि यह परिणाम विद्यार्थियों की लगन एवं शिक्षकों की मेहनत का प्रतिफल है।

# प्रियंका मॉडर्न स्कूल के देवांश प्रताप, अंशिका, आशीष शर्मा अपने-अपने ग्रुप में आये फर्स्ट

**धामपुर ( चिंगारी )।** सीबीएसई द्वारा घोषित कक्षा 12 का प्रियंका मॉडर्न सीनियर सेकेंडरी स्कूल का परीक्षा परिणाम शानदार रहा। कक्षा 12 के पीसीएम ग्रुप के छात्र देवांश प्रताप सिंह ने 96 प्रतिशत लाकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसी ग्रुप में वैभव चौहान ने 91 प्रतिशत और सात्विक कपूर ने 90.4 प्रतिशत प्राप्त कर क्रमश: दूसरा और तीसरा स्थान प्राप्त किया। पीसीबी ग्रुप में अंशिका ने 94.6 प्रतिशत, मानवी सिंह ने 90.4 प्रतिशत और श्वेता चौहान ने 90, 2 प्रतिशत क्रमश: प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। कॉमर्स में आशीष शर्मा ने 94.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम, भूमि सिंह ने 93 प्रतिशत अंक लाकर दूसरा तथा जेहरा कफील और नकुल अग्रवाल ने 90 प्रतिशत अंक लाकर संयुक्त रूप से तीसरा स्थान प्राप्त किया। स्कूल के निदेशक राणा प्रियंकर सिंह, प्रशासिका अदिति सिंह व प्रधानाचार्य डीएस नेगी ने कहा कि यह पल हमारे लिए बहुत ही गौरव का है। हमारे विद्यालय के शिक्षकों और विद्यार्थियों के परिश्रम और आपसी समन्वय के बल पर ही ऐसे शानदार परिणाम को हासिल किया गया है।



# एमकेडी का परिणाम रहा शत-प्रतिशत

**धामपुर ( चिंगारी )।** सीबीएसई द्वारा घोषित कक्षा 12 का एमकेडी चिल्ड्रन एकेडमी सीनियर सेकेंडरी स्कूल का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। अंशदीप कौर ने 89 प्रतिशत, रमनदीप सिंह ने 83.6 प्रतिशत, वैभव शर्मा ने 81.6 प्रतिशत, खुश्मीत कौर ने 79 प्रतिशत, कृष्णा रुहेला ने 78.4 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। विद्यालय के मैनेजिंग डायरेक्टर डॉक्टर लाल बहादुर रावल, मैनेजर डॉ. रश्मि रावल व प्रधानाचार्य रविंद्र कुमार ने सभी बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की।




# सेंट मैरीज़ में उत्कर्ष और परी ने किया टॉप



**धामपुर ( चिंगारी )।** सीबीएसई बोर्ड के 12वीं कक्षा के नतीजे में धामपुर में सेंट मैरीज़ कॉन्वेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल में विज्ञान वर्ग में उत्कर्ष कुमार ने 92 प्रतिशत अंक लाकर विद्यालय टॉप किया है, तो वहीं कॉमर्स वर्ग में परी कर्णवाल ने 94.6 प्रतिशत अंक हासिल कर टॉप किया। विद्यालय प्रधानाचार्या सिस्टर अलविना ने सफल छात्राओं को बधाई दी।

विद्यालय की ओर से जानकारी दी गई की विज्ञान वर्ग में संयम छाबड़ा और शैयारा नाज ने संयुक्त रूप से 89.6 प्रतिशत अंक हासिल किए हैं। कॉमर्स वर्ग में परी कर्णवाल के अलावा तरूशी चौहान और शुभि सिंह ने क्रमश: 90.4 और 90 प्रतिशत अंक हासिल किए हैं।

### परी की बड़ी बहन आईएएस

**परी कर्णवाल की बड़ी बहन अनुष्का कर्णवाल भी विद्यालय टॉपर रह चुकी हैं। परी के पिता नरेश कर्णवाल मूलत: नूरपुर के रहने वाले हैं। उन्होंने बताया कि उनकी बेटी अनुष्का इस समय ट्रेनिंग पर हैं। वह खुशकिस्मत हैं कि उनकी बेटियां टॉपर्स हैं।**

# क्लब ने 10 नर्सों को सम्मानित किया

**बिजनौर ( चिंगारी )।** रोटरी क्लब गंगा बिजनौर द्वारा आर्य समाज विद्या मंदिर में एक कार्यक्रम नर्सिंग डे पर बिजनौर जिले की नर्सों को सम्मानित करने के लिए किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता चार्टर रोटेरियन डॉ. इन्दु मिश्रा ने की। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि पूर्व अध्यक्ष डॉ. सूफिया बानो रही और विशिष्ट अतिथि के रूप में आर्य समाज के अध्यक्ष श्री सतेन्द्र और विजेंदर सिंह रहे। कार्यक्रम की संयोजक रोटेरियन प्रीति शर्मा रहीं। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में विशेष सहयोग डॉ. हितेश शर्मा का रहा। क्लब द्वारा कुल दस से अधिक नर्सों को सम्मानित किया गया, जिनमें रुबीना, आकांक्षा, मोना राजपूत, दामिनी, पूजा राजपूत, मनु, संजना, अंजलि और आकांक्षा आदि रही।




इस अवसर पर रोटेरियन नवीन अग्रवाल, डॉ. राजीव कुमार अग्रवाल, रेखा अग्रवाल, डॉ. इंदु मिश्रा, सूफिया बानो, आदेश भटनागर, गजे सिंह, हितेश शर्मा, डॉ. नवनेश कोठारी, डॉ. प्रिया कोठारी, डॉ. हितेश शर्मा, राजीव गुप्ता, विमल गुप्ता, शालिनी गुप्ता, रेखा शर्मा, दिनेश शर्मा, भवी कोठारी, नारायणी अग्रवाल, नमों शर्मा, खगेश शर्मा, संजीव कुमार शर्मा आदि सदस्य उपस्थिति रहे।

# सरकारी मशीनरी की लापरवाही से मासूम छात्र झुलसा

**नगीना ( चिंगारी )।** क्षेत्र के ग्राम हरबंशपुर धारम में स्थित सिविलियन पूर्व माध्यमिक विद्यालय में शिक्षा विभाग व विद्युत विभाग के आला अधिकारियों की अपनी जिम्मेदारियों के प्रति बरती गई उदासीनता का खामियाजा एक छात्र को भुगतना पड़ा। दरअसल स्कूल में शिक्षा ग्रहण कर रहा कक्षा सात का छात्र हरीश स्कूल परिसर में निकल रहे हाई टेंशन बिजली के तार की चपेट में आने से बुरी तरह झुलस गया। गंभीर अवस्था में छात्र को स्कूल के मुख्य अध्यापक द्वारा एक निजी चिकित्सक के यहां इलाज के लिए ले गये, जहां उसका इलाज कराया गया। स्कूल के मुख्य अध्यापक व प्रधान पति ने बिजली विभाग पर उदासीनता व लापरवाही का आरोप लगाया है।

स्कूल के मुख्य अध्यापक सलाउद्दीन ने बताया कि बुधवार को करीब 10:30 बजे स्कूल के कुछ बच्चे स्कूल परिसर में स्थित शौचालय की छत पर खेल रहे थे। अचानक ग्राम खानपुर निवासी कक्षा सात का करीब 12 वर्षीय छात्र हरीश स्कूल परिसर के ऊपर से निकल रही 11000 की हाइट टेंशन बिजली तारों की चपेट में आ गया, जिससे वह झुलस गया। उनका कहना है कि वह तुरंत गंभीर अवस्था में घायल छात्र को लेकर नगीना के एक निजी चिकित्सक के यहां पहुंचे, जहां उसका उपचार कराया गया। उधर प्रधानाचार्य सलाउद्दीन व ग्राम प्रधान के पति जाहिद अहमद ने आरोप लगाया कि पिछले काफी वर्षों से बिजली विभाग को इस बारे में अवगत कराया जा रहा है लेकिन उन्होंने कोई ध्यान नहीं दिया। प्रधानाचार्य का कहना है कि वह कई साल से इस विद्यालय में है, तभी से वह विद्युत विभाग व प्रशासन को लिखित शिकायत कर रहे हैं लेकिन आज तक हाई टेंशन तारों को स्कूल परिसर से नहीं हटाया गया है। दूसरी तरफ घायल छात्र के पिता ने विद्युत विभाग के अधिकारियों पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए थाने में तहरीर दी है।



नगीना के निजी अस्पताल में घायल छात्र का उपचार करते चिकित्सक।

### इनका कहना है...

इस संबंध में खंड शिक्षा अधिकारी इंद्रजीत सिंह का कहना है कि स्कूल परिसर से बिजली तार हटाने के लिए उनके द्वारा विभाग के बड़े अधिकारियों व बिजली विभाग को कई बार लिखित तौर पर पत्र भेजा जा चुका है, लेकिन तार नहीं हटाए गए हैं। उनका कहना है कि पुन: इस मामले में पत्राचार किया जाएगा।

### हेड मास्टर ने विरोध किया था

**इस संबंध में एसडीओ विद्युत रामकेश का कहना है कि स्कूल परिसर से तार हटाने के लिए एस्टीमेट पास हो चुका है। फरवरी माह में उनकी टीम तार हटाने के लिए गई थी लेकिन प्रधानाध्यापक द्वारा विरोध किए जाने पर काम नहीं हो सका है।**

### अनुदेशक भी झुलसे

स्कूल में अनुदेशक के पद पर कार्य कर रहे राहुल त्यागी भी इस घटना में झुलस गए थे। उनका कहना है कि बिजली के तारों के करंट से घायल हुए छात्र को बचाने में वह भी बुरी तरह झुलस गए थे, उन्हें अपना उपचार सरकारी अस्पताल में कराना पड़ा।

# डंपर चालक से सिपाही द्वारा वसूली किए जाने का वीडियो वायरल

**नगीना ( चिंगारी )।** सोशल मीडिया पर वायरल हुए एक वीडियो में एक पुलिसकर्मी डंपर चालक से वसूली करता हुआ दिखाई दे रहा है। वायरल वीडियो नगीना देहात थाना क्षेत्र का बताया जा रहा है। वायरल वीडियो के नाम पर दावा किया जा रहा है कि खनन से भरे डंपर के चालक से पुलिसकर्मी द्वारा वसूली की गई है। वायरल वीडियो में ड्यूटी पर तीन पुलिसकर्मी दिखाई दे रहे हैं। इस संबंध में पुलिस क्षेत्राधिकारी राजेश सिंह सोलंकी का कहना है कि इस मामले की जांच उनके द्वारा की जा रही है। जांच रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई होगी।

धारा मोटर फ़ाईनेन्स लिमिटेड
सरकारी एवं प्राइवेट कर्मचारियों के लिए
विशेष लोन सुविधा
Salaried Loan
अब खास आपके लिए
लोन लेना हुआ और भी आसान
अब आप घर बैठे ही अपने मोबाइल से Instant Salaried Loan के लिए Apply कर सकते हैं।
कृपया दिए गए QR कोड को स्कैन करें या हमारी वेबसाइट www.dharamotor.com पर क्लिक करें और मोबाइल एप्लिकेशन इंस्टॉल करें और अपने सैलरी लोन के लिए आज ही आवेदन करें।
हमारा सैलरी लोन क्यों चुनें?
- तेज़ और आसान प्रक्रिया
- न्यूनतम दस्तावेज़
- आकर्षक ब्याज दर
- आसान EMI सुविधा
- शीघ्र लोन अप्रूवल और डिस्बर्समेंट

पात्रता (Eligibility)
- सरकारी कर्मचारी
- प्राइवेट सेक्टर कर्मचारी
- नियमित मासिक आय वाले व्यक्ति


अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
पंजीकृत कार्यालय : धारा कॉम्प्लेक्स, सिविल लाइन्स-1, बिजनौर-246701
दूरभाष : 01342-262561, 6396752764, 7060210125
Corporate Office (Delhi) : K-814, Noratan Building, Mata Chowk Basant Kunj Road, Mahipalpur, New Delhi. Ph.: 011-41662561
www.dharamotor.com dmf_bijnor@yahoo.com

# महिलाओं ने किया श्री नारायण स्टोर का शुभारंभ



नगीना के गांधी मूर्ति तिराहे पर खुले श्री नारायण स्टोर का उद्घाटन करतीं महिलाएं।

**नगीना ( चिंगारी )।** विश्व हिंदू परिषद के पूर्व नगर अध्यक्ष मोहित गोयल व उनकी धर्मपत्नी श्वेता गोयल द्वारा गांधी मूर्ति तिराहे पर नये खोले गए प्रतिष्ठान श्री नारायण स्टोर का विधिवत उद्घाटन पूरे विधि विधान से पूजा अर्चना के साथ हुआ। बड़े मंदिर के पुजारी डॉक्टर विपिनचंद्र त्रिपाठी ने पूजा अर्चना व हवन यज्ञ का कार्य संपन्न कराया।

बुधवार को हुए उद्घाटन कार्यक्रम का शुभारंभ नगर के प्रतिष्ठित गणमान्य लोगों व महिलाओं की उपस्थिति में लवली अग्रवाल व श्वेता गोयल ने कंचन अग्रवाल, ऋचा गोयल, पूनम गोयल, स्वाति गुप्ता, अनु अग्रवाल, मीनू अग्रवाल, आकृति अग्रवाल, समीक्षा अग्रवाल, संगीता गोयल की उपस्थिति में फीता काटकर किया। इस मौके पर कुंवर अमरजीत सिंह, विहिप नेता प्रदीप गर्ग, सुनील गोयल, मुकेश अग्रवाल उर्फ आले, साहू सुयश अग्रवाल, साहू अनुभव अग्रवाल, शरद गर्ग मुनमुन, रामदयाल सिंह गैस वाले, शलभ गोयल, हर्ष गोयल, शरद अग्रवाल, राजन अग्रवाल, गौरव गोयल आदि मौजूद रहे। उधर प्रतिष्ठान की स्वामी श्वेता गोयल ने बताया कि उनके स्टोर पर महिलाओं की घरेलू जरूरत के सभी सामान उच्च क्वालिटी व उचित मूल्य पर उपलब्ध हैं। उन्होंने बताया कि उनके यहां बैडशीट, पिलो कवर, घरेलू सजावट आदि सभी तरह के सामान उपलब्ध हैं।

ख़बर सबसे पहले
असर सबसे ज़्यादा
चिंगारी

Hero
हीरो अब शानदार ऑफर के साथ



आवश्यकता है
1.कुशल मैकेनिक 2.सुपरवाइजर 3.सेल्स एग्जीक्यूटिव मेल/फीमेल 4.नेटवर्क मैनेजर

1 मई से 31 मई तक
CASH DISCOUNT OFFER

| S.No | Model | Offer Amount (Rs) |
|---|---|---|
| 1 | Mavrick | 50000 |
| 2 | Premium Segment | 5000 |
| 3 | Scooters (Minus Xoom 125, Xoom | 2500 |
| 4 | Xtreme 160R (old) | 10000 |

कविता मोटर्स
हीरो मोटो कॉर्प के अधिकृत विक्रेता
किरतपुर रोड, बिजनौर
मो. 9289922765, 9457937407

# चारधाम यात्रा : दर्शनार्थियों की संख्या पहुंची 12.60 लाख के पार

## केदारनाथ में 22 दिनों में 05 लाख 23 हजार से अधिक भक्तों ने किए दर्शन




**नैनीताल ( चिंगारी )।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में उत्तराखण्ड की सुप्रसिद्ध चारधाम यात्रा इस वर्ष नया कीर्तिमान बनाने की ओर अग्रसर है। 25 दिनों में ही दर्शनार्थियों की संख्या 12 लाख 60 हजार के आंकड़े को पार कर चुकी है। केदारनाथ यात्रा को लेकर श्रद्धालुओं में भारी उत्साह है। 22 दिनों में ही 05 लाख 23 हजार से अधिक तीर्थयात्री केदारनाथ धाम में शीश नवा चुके हैं। उच्च हिमालयी क्षेत्र की यात्रा होने से प्रदेश सरकार यहां मौसम के मिजाज पर भी पूरी नजर रखे हुए है। मुख्यमंत्री धामी ने शीर्ष अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि मौसम प्रतिकूल होने पर हर एक श्रद्धालु की सुरक्षा और सुविधा का पूरा ध्यान रखा जाए।

चारों धामों में आस्था और विश्वास का जबरदस्त उल्लास देखने को मिल रहा है। यात्रा का विगत 19 अप्रैल को श्रीगणेश हुआ था और आज 13 मई तक 12 लाख 60 हजार 478 श्रद्धालु चारधाम दर्शन कर चुके हैं। इनमें केदारनाथ में 5,23,582, बद्रीनाथ में 3,24,081, गंगोत्री में 2,05,425 और यमुनोत्री धाम में 2,07,390 तीर्थयात्री पहुंचे हैं। आज बुधवार को चारों धामों में 80 हजार 401से श्रद्धालुओं ने दर्शन किए। केदारनाथ में सर्वाधिक 32,423 तीर्थयात्री पहुंचे। जबकि बद्रीनाथ में 21,260, यमुनोत्री में 13,403 और गंगोत्री धाम में 13,315 श्रद्धालुओं ने दर्शन किए। केदारनाथ धाम की यात्रा मुश्किलभरी होने के बावजूद यहां श्रद्धालुओं की संख्या लगातार नया रिकॉर्ड बना रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ड्रीम प्रोजेक्ट के तहत केदारनाथ धाम के पुनर्निर्माण और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में यात्रा को सुरक्षित, सुगम और सुविधाजनक बनाए जाने से केदार यात्रा को लेकर तीर्थयात्रियों में भारी उत्साह है। बीते चार वर्षों (वर्ष 2022 से 2025 तक) के आधिकारिक आंकड़ों पर नजर डालें तो 69 लाख 45 हजार 487 श्रद्धालु केदारनाथ धाम की यात्रा पर आ चुके हैं। इनमें 2022 में 15,64,248, 2023 में 19,58,863, 2024 में 16,53,581 और 2025 में 17,68,795 तीर्थयात्री पहुंचे हैं।

> **“चारधाम यात्रियों की सुरक्षा और सुविधा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। श्रद्धाल सुगमता से दर्शन कर सकें, इसके लिए स्लॉट प्रबंधन और भीड़ नियंत्रण प्रणाली को प्रभावी बनाया गया है। रियल टाइम डिजिटल मॉनिटरिंग सिस्टम का उपयोग किया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के ड्रीम प्रोजेक्ट के तहत केदारनाथ में पुनर्निर्माण कार्य होने के बाद धाम दिव्य और भव्य रूप में नजर आ रहा है। पैदल यात्रा मार्ग को बेहतर बनाए जाने से श्रद्धालुओं की राह आसान हुई है। सुरक्षित और व्यवस्थित यात्रा के लिए सरकार ने हरसंभव कदम उठाए हैं। मौसम पर नजर रखने के लिए विशेष निगरानी तंत्र बनाया गया है। हर परिस्थिति से निपटने के लिए सरकार तैयार है। -मुख्यमंत्री धामी**

# सेवानिवृत शिक्षक को ट्रस्ट ने किया सम्मानित

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** आर्य गिरधारी लाल महर्षि दयानंद ट्रस्ट की ओर से पदमपुर मोटाढाक स्थित ट्रस्ट कार्यालय में ट्रस्ट से जुड़े और इंटर कालेज मोटाढाक से सेवानिवृत्त शिक्षक जगदीश प्रसाद शास्त्री का 86वां जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर उनके पूर्व विद्यार्थियों डॉ. सुरेन्द्र लाल आर्य, शंकर दत्त जोशी, मंजू रावत, मोहन चंद्र जोशी व शिवकुमार व ट्रस्ट द्वारा उन्हें महर्षि दयानंद सरस्वती स्मृति सम्मान से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि सभी को अपने माता, पिता व गुरुजनों का सम्मान करना चाहिए। उनका आशीर्वाद जीवन को नई ऊर्जा व दिशा प्रदान करता है। इस अवसर पर वीर सिंह, कनिका बिष्ट, सविता ममगाईं, विनय रावत, नेत्र सिंह रावत और शूरबीर खेतवाल सहित अन्य लोग मौजूद रहे ।

# महाविद्यालय में प्रवेश प्रक्रिया आरंभ

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** कोटद्वार स्थित राजकीय महाविद्यालय में बीजेएमसी व बायोटेक्नोलोजी में सत्र 2026-27 के लिए प्रवेश प्रक्रिया आरंभ हो चुकी है। विभाग प्रभारी डॉ. एस के गुप्ता ने बताया कि बीजेएमसी के प्रथम सेमेस्टर सहित अन्य पाठ्यक्रमों में प्रवेश के इच्छुक छात्र-छात्रा 31 मई तक समर्थ पोर्टल पर अपना रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं।

# श्रीराम विद्या मंदिर में छात्राओं ने किया कमाल


सृष्टि पाल | ईशा मार्याकुमार | गुरमन सिंह | अर्पित नेगी

## सीबीएसई 12वीं प्रथम रही सृष्टि पाल

**श्यामपुर ( चिंगारी )।** सीबीएसई की परीक्षा में श्री राम विद्या मंदिर की कक्षा 12में छात्रा सृष्टि पाल 97.2 प्रथम, छात्रा ईशा मार्याकुमार 96,2 द्वितीय, छात्र गुरमन सिंह 93,4 तृतीय छात्र अर्पित नेगी ने 92.4 अंक प्राप्त कर विद्यालय व अपने-अपने माता-पिता सहित क्षेत्र का नाम रोशन किया है। वहीं स्कूल के ट्रस्टी राजीव भल्ला और प्रधानाचार्य बबीता अग्रवाल श्रीनिवासन सहित विद्यालय के अध्यापक व अध्यापिकाओं ने सभी छात्रों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। श्री राम विद्या मंदिर विद्यालय में कक्षा 12 में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली सृष्टि पाल के पिता कांगड़ी में एक परचून की दुकान चलाते हैं, तो वही उनकी मां एक निजी स्कूलों में शिक्षिका है। सृष्टि के सीबीएसई में बेहतरीन अंक लाने के बाद परिजनों ने प्रसन्नता व्यक्त की है। वहीं उनकी उपलब्धि पर उनके नाते-रिश्तेदारों द्वारा उन्हें बधाई व शुभकामना संदेश भेजने का सिलसिला लगातार जारी है।

# अशोक शर्मा बने पौड़ी के सीडीओ

## विकास को धरातल पर उतारेंगे



**कोटद्वार ( चिंगारी )।** उत्तराखंड प्रशासनिक सेवा के वरिष्ठ अधिकारी अशोक जोशी ने पौड़ी गढ़वाल के मुख्य विकास अधिकारी का पदभार ग्रहण कर लिया है। वह लंबे समय से विभिन्न प्रशासनिक एवं विकास संबंधी पदों पर कार्य कर चुके हैं। अशोक जोशी उत्तराखंड प्रशासनिक सेवा के अनुभवी अधिकारियों में शामिल हैं। वे लंबे समय से राज्य के विभिन्न जनपदों में प्रशासनिक एवं विकास संबंधी जिम्मेदारियां निभाते रहे हैं। वह नैनीताल तथा उधमसिंह नगर में अपर जिलाधिकारी के रूप में महत्वपूर्ण प्रशासनिक दायित्वों पर कार्य कर चुके हैं। बाद में उन्हें दुग्ध विकास एवं महिला डेयरी विकास विभाग में निदेशक की जिम्मेदारी भी सौंपी गयी। प्रशासनिक कार्यों में उनकी पहचान शांत, समन्वयकारी एवं विकास कार्यों पर फोकस रखने वाले अधिकारी के रूप में रही है। मुख्य विकास अधिकारी के रूप में कार्यभार संभालने के बाद श्री जोशी ने कहा कि उनकी प्राथमिकताओं में जनपद की विकास योजनाओं को प्रभावी ढंग से धरातल पर उतारना, ग्रामीण क्षेत्रों में आधारभूत सुविधाओं को सशक्त करना तथा सरकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना प्रमुख हैं।

# विद्यार्थी अपनी योग्यता व रूचि के अनुसार अपना लक्ष्य निर्धारित करें : मनमोहन काला

## जीआईसी कर्तिया में कार्यक्रम का आयोजन

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** ग्राम्य एकता प्रगति प्रेमांजलि समागम समिति की ओर से रिखणीखाल ब्लाक के राजकीय इण्टर कॉलेज कर्तिया में बाल सखा प्रकोष्ठ के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं को बेहतर कैरियर निर्माण के अवसरों पर जानकारी दी गई।

प्रधानाचार्य सुनील कुमार की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम का आरंभ करते हुए समिति के संस्थापक निदेशक राम भरोसा कंडवाल ने विद्यार्थियों से अनुशासन, समयबद्धता एवं दूरदर्शिता को जीवन में अपनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि केवल उच्च पद प्राप्त करना ही सफलता नहीं है, बल्कि राष्ट्रहित एवं समाज सेवा की भावना भी उतनी ही आवश्यक है। समिति के काउंसलर मनमोहन काला ने विद्यार्थियों को कला, विज्ञान, वाणिज्य, कृषि तथा तकनीकी क्षेत्रों में उपलब्ध विभिन्न रोजगार एवं शिक्षा संबंधी अवसरों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों को अपनी रुचि एवं योग्यता के अनुरूप लक्ष्य निर्धारित करने की सलाह दी। प्रधानाचार्य सुनील कुमार ने शिक्षा के क्षेत्र में किये जा रहे प्रयासों की सराहना करते हुए संस्था के प्रति आभार व्यक्त किया। इस दौरान विद्यालय परिवार की ओर से राम भरोसा कंडवाल तथा मनमोहन काला को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। इस दौरान केशव चंद्र डबराल, प्रदीप पंवार, मुकेश कुमार, महावीर सिंह रावत और सिकंदर परमार सहित सभी छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# बाबा हरदेव सिंह की स्मृति में ‘समर्पण दिवस’ का भावपूर्ण आयोजन




**ऋषिकेश ( चिंगारी )।** जब किसी महान आत्मा का जीवन मानवता के कल्याण हेतु पूर्णत: समर्पित हो जाता है, तब उसकी स्मृतियां केवल इतिहास का अध्याय नहीं रहतीं, बल्कि युगों-युगों तक जनमानस के लिए प्रेरणा का दिव्य स्रोत बन जाती हैं। ऐसे ही मानवता, प्रेम, विनम्रता और आध्यात्मिक जागृति के अद्वितीय प्रतीक युगदृष्टा बाबा हरदेव सिंह जी की पावन स्मृति को समर्पित ‘समर्पण दिवस’ का भावपूर्ण आयोजन सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज एवं श्रद्धेय निरंकारी राजपिता जी के सान्निध्य में बुधवार, 13 मई 2026 को संत निरंकारी आध्यात्मिक स्थल, समालखा हरियाणा में आयोजित हुआ, वही गंगा नगर ब्रांच ऋषिकेश में देहरादून से ज्ञान प्रचारक गीता भट्ट ने सतगुरु का संदेश प्रदान किया।

बाबा हरदेव सिंह जी केवल संत निरंकारी मिशन के आध्यात्मिक गुरु ही नहीं थे, बल्कि वे प्रेम, करुणा, सहजता और मानवीय संवेदनाओं के सजीव आत्मिक मित्र थे। उनकी मधुर मुस्कान, विनम्र व्यक्तित्व और दिव्य वाणी ने अनगिनत हृदयों को आत्मिक शांति का अनुभव कराया। उन्होंने मानव जीवन को आत्मज्ञान से आलोकित कर यह संदेश दिया कि सच्चा जीवन वही है, जो प्रेम, सेवा, सहअस्तित्व और समर्पण से परिपूर्ण हो उनके दिव्य नेतृत्व में संत निरंकारी मिशन ने समाज सेवा को आध्यात्मिकता का अभिन्न अंग बनाते हुए रक्तदान, स्वच्छता अभियान, वृक्षारोपण, स्वास्थ्य सेवाएं, शिक्षा, महिला सशक्तिकरण एवं युवाओं की ऊर्जा को आध्यात्मिक दिशा देने जैसे अनेक लोककल्याणकारी कार्यों द्वारा समाज में सकारात्मक परिवर्तन की सशक्त धारा प्रवाहित की। बाबा जी का दृष्टिकोण स्पष्ट था कि ईश्वर की सच्ची भक्ति मानव सेवा के माध्यम से ही सार्थक होती है। लगभग 36 वर्षों तक मिशन का नेतृत्व करते हुए बाबा हरदेव सिंह जी ने इसे वैश्विक स्तर पर नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया। आज संत निरंकारी मिशन 67 से अधिक देशों में आध्यात्मिक जागृति, नैतिक मूल्यों और मानव कल्याण की ज्योति प्रज्वलित कर रहा है। उनका दीवार रहित संसार का स्वप्न आज भी विश्व बंधुत्व, समानता और सार्वभौमिक प्रेम की प्रेरणा बनकर प्रत्येक हृदय को आलोकित कर रहा है। वर्तमान में सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज उसी दिव्य परंपरा को आगे बढ़ाते हुए प्रेम, सेवा, संयम और आध्यात्मिक चेतना के संदेश को जन-जन तक पहुँचा रही हैं।

# आईएचएमएस के 8 छात्र-छात्राओं का वेवोलाजिक्स कम्पनी में हुआ कैम्पस सलेक्शन




**कोटद्वार ( चिंगारी )।** इंस्टीट्यूट ऑफ हॉस्पीटेलिटी, मैनेजमेंट एंड साइंसेज (आईएचएमएस) में शिक्षा प्राप्त कर रहे आठ छात्र-छात्राओं का कैंपस सलेक्शन देश की जानी मनी कंपनी वेवोलॉजिक्स नोयडा में हुआ है। कंपनी के सीनियर एचआर मैनेजर ने छात्र-छात्राओं का साक्षातकार लेकर उन्हें नियुक्ति पत्र सौंपे हैं। बलभद्रपुर बीईएल रोड स्थित आईएचएमएस के प्रबंध निदेशक बीएस नेगी ने बताया कि गत दिनों कॉलेज में कैंपस सलेक्शन के तहत संस्थान में साक्षात्कार हुए थे, जिसमें बीसीए, बीबीए और एमबीए कोर्स के फाइनल ईयर के छात्र- छात्राओं ने दो राउंड में साक्षात्कार दिये, जिसमें से सिमरनजीत कौर, सविता जखमोला, राखी जदली, सोनाली रावत, रजत दानी, शिवांश पंत, देवाशीष कौशिक और दीपाली कश्यप का चयन रिक्रूटमेंट कंसल्टेंट और आईटी रिक्रूटर के पद पर हुआ। इनका शुरुआती पैकेज तीन से चार लाख के बीच निर्धारित किया गया है। कॉलेज के कार्यकारी निदेशक अजय राज नेगी ने बताया कि कॉलेज को नैक की बी प्लस ग्रेड मिलने के बाद अब देश की जानी मानी कंपनियां बच्चों के चयन के लिए कैंपस सलेक्शन के तहत कॉलेज का विजिट कर रही हैं। जिसका सीधा लाभ यहां शिक्षा ले रहे छात्र-छात्राओं को मिल रहा है। बताया कि कुछ दिन पूर्व सात छात्र-छात्राओं का प्लेसमेंट पेटीएम और एक्सीस बैंक में हुआ है। आने वाले समय में अनेक कंपनियां, बैंक और पांच सितारा होटल के एचआर मैनेजर छात्र-छात्राओं के कैंपस सलेक्शन के लिए पहुंचेंगे। उन्होंने छात्र-छात्राओं से कॉलेज के प्राध्यापकों के बताए मार्ग पर चलकर साक्षात्कार दने की अपील की है।

# धामी कैबिनेट के बड़े फैसले : पर्यावरण संरक्षण, ईवी नीति और आत्मनिर्भर उत्तराखंड पर जोर

## मुख्यमंत्री धामी की अध्यक्षता में हुई अहम कैबिनेट बैठक



**देहरादून ( चिंगारी )।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में आयोजित उत्तराखंड कैबिनेट बैठक में कई महत्वपूर्ण और दूरगामी फैसलों पर मुहर लगी। बैठक में कैबिनेट मंत्री प्रदीप बत्रा भी शामिल हुए। सरकार ने प्रदेश के समग्र विकास, पर्यावरण संरक्षण और भविष्य की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए कई जनहितकारी निर्णय लिए।

कैबिनेट मंत्री प्रदीप बत्रा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन के अनुरूप उत्तराखंड सरकार राज्य को विकास, हरित ऊर्जा और आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ा रही है। उन्होंने कहा कि कैबिनेट में लिए गए फैसले प्रदेश के लिए नई विकास यात्रा की शुरुआत साबित होंगे।

कैबिनेट बैठक में पर्यावरण संरक्षण को प्राथमिकता देते हुए ‘एक अधिकारी, एक वाहन’ नीति को स्वीकृति दी गई। इसके साथ ही ‘नो व्हीकल डे’ लागू करने का भी निर्णय लिया गया, जिससे सरकारी स्तर पर ईंधन की बचत और प्रदूषण नियंत्रण को बढ़ावा मिलेगा।

सरकार ने प्रदेश में जल्द नई ईवी (इलेक्ट्रिक व्हीकल) पॉलिसी लागू करने का फैसला भी लिया है। माना जा रहा है कि इससे इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा मिलेगा और राज्य में हरित परिवहन व्यवस्था मजबूत होगी।

बैठक में ‘विजिट माई स्टेट’ अभियान को भी मंजूरी दी गई। इस अभियान के जरिए उत्तराखंड को वैश्विक पर्यटन मानचित्र पर नई पहचान दिलाने की योजना है। सरकार धार्मिक, साहसिक और प्राकृतिक पर्यटन को बढ़ावा देकर प्रदेश की अर्थव्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में कार्य करेगी। इसके साथ ही ‘मेक इन इंडिया’ अभियान के तहत स्थानीय उत्पादों और कुटीर उद्योगों को प्रोत्साहन देने का निर्णय लिया गया। सरकार का उद्देश्य स्थानीय उद्यमियों और स्वरोजगार को नई ताकत देना है। कैबिनेट बैठक में प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने पर भी जोर दिया गया। सरकार रासायनिक मुक्त खेती को प्रोत्साहित कर किसानों की आय बढ़ाने और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में कदम उठाएगी।

साथ ही पीएनजी और पीएम सूर्य घर योजना के विस्तार पर भी सहमति बनी। राज्य में सौर ऊर्जा परियोजनाओं को तेजी से आगे बढ़ाने का निर्णय लिया गया, ताकि उत्तराखंड ऊर्जा क्षेत्र में आत्मनिर्भर बन सके।

## उत्तराखण्ड के विकास को मिलेंगे नये आयाम

**कैबिनेट मंत्री प्रदीप बत्रा ने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में लिए गए ये फैसले उत्तराखंड को सशक्त, समृद्ध, पर्यावरण संतुलित और आत्मनिर्भर राज्य बनाने की दिशा में मील का पत्थर साबित होंगे। उन्होंने कहा कि सरकार विकास और पर्यावरण के बीच संतुलन बनाकर प्रदेश को नई पहचान दिलाने के लिए प्रतिबद्ध है।**

# भगंवत ग्लोबल विश्वविद्यालय में मनाया गया अन्तर्राष्ट्रीय नर्सिंग दिवस

## ‘लेडी विद द लैम्प’ को स्मरण किया

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** भाबर स्थित भगवंत ग्लोबल विश्वविद्यालय के नर्सिंग विभाग की ओर से अन्तर्राष्ट्रीय नर्सेज दिवस के उपलक्ष्य में लैम्प लाइटिंग कार्यक्रम का आयोजन कर सेवा का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम का उद्‌घाटन विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. ए.के.शर्मा व प्रतिकुलपति प्रो. पी. एस. राणा ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर कुलपति प्रो. ए. के. शर्मा ने कहा कि यह दिन आधुनिक नर्सिंग की संस्थापक फ्लोरेंस नाइटेंगल की जयंती पर मनाया जाता है, जो स्वास्थ्य सेवा और समाज में नर्सों के निस्वार्थ योगदान और समर्पण को रेखांकित करता है। उन्हें लेडी विद द लैंप के रूप में जाना जाता है, जिन्होंने नर्सिंग को एक पेशेवर और सम्मानित कार्य बनाया। कहा कि यह दिन नर्सों के कठिन परिश्रम और स्वास्थ्य क्षेत्र में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका के लिए आभार व्यक्त करने का अवसर है। मौके पर नर्सिंग अधिकारी अर्चना चार्ल्स को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। मौके पर सभी छात्रों ने फ्लोरेंस नाइटेंगल के जीवन से सीख लेते हुए सेवा का संकल्प लिया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलाधिपति डॉ. अनिल सिंह, प्रति कुलाधिपति डॉ. आशा सिंह व डॉ. विभांशु विक्रम सिंह सहित विवि का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

# रोटरी क्लब क्लासिक द्वारा क्षैक्षणिक सामग्री वितरण जारी




**ऋषिकेश ( चिंगारी )।** रोटरी ऋषिकेश क्लासिक क्लब द्वारा मनी राम रोड स्थित पीएम श्री राजकीय प्राथमिक विद्यालय नंबर 8 में लगभग 60 छात्र-छात्राओं को स्कूली बैग वितरित किये गये रोटरी क्लासिक के अध्यक्ष संजय सकलानी ने बताया कि बच्चे ही देश का भविष्य होते हैं और उन्हें अच्छी शिक्षा की भी ज़रूरत होती है। इसी लिए क्लब द्वारा स्कूल में छात्र-छात्राओं को स्कूली बैग वितरित किए गए। रोटरी क्लब के सचिव विजय रावत ने कहा कि ज़रूरी है कि उन्हें प्यार दिया जाए उनकी देखभाल की जाए जिससे कि वो अपने पैरों पर खड़े हो सके उन्होंने स्कूली बैग वितरित करते समय बच्चे के चेहरों पर जो मुस्कान देखी गई यह अनमोल है रोटरी क्लासिक के कोषाध्यक्ष हिमांशु गुप्ता ने कहा कि नया क्लब होने के बावजूद समय समय पर ग़रीब बच्चों की मदद के लिए हर संभव प्रयास किया जा रहा है जिससे की बच्चों का भविश्य और अच्छा हो सके इस मौक़े पर रोटरी क्लासिक के एक्जीक्यूटिव सचिव रो राकेश अग्रवाल रो सौरव वर्मा रो सौरव शर्मा विद्यालय की प्रिंसिपल वंदना गैरोला वंदना शर्मा लतिका तिवाड़ी स्कूल के अध्यापक स्कूल का समस्त स्टाफ़ उपस्थित था कार्यक्रम का संचालन रोटरी क्लासिक के सदस्य डॉक्टर रो राज नेगी ने किया।

# शत-प्रतिशत रहा निर्मल आश्रम अकादमी का परीक्षा परिणाम



**ऋषिकेश ( चिंगारी )।** निर्मल आश्रम ज्ञान दान अकादमी के विद्यार्थियों ने केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) की कक्षा 12वीं बोर्ड परीक्षा 2025-26 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए शत-प्रतिशत परिणाम प्राप्त कर विद्यालय को गौरवान्वित किया है। विद्यार्थियों की इस अभूतपूर्व सफलता से विद्यालय परिसर में हर्ष, उत्साह एवं गर्व का वातावरण व्याप्त है। विद्यालय की मेधावी छात्रा इशिता सिंह ने 98.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। श्वेता यादव ने 98.2 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय, प्रीतिका ने 96.8 प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय, निहारिका निषाद ने 96.6 प्रतिशत अंकों के साथ चतुर्थ तथा अंशिका ने 96.2 प्रतिशत अंकों के साथ पंचम स्थान प्राप्त कर विद्यालय की उपलब्धियों में नया स्वर्णिम अध्याय जोड़ा। विद्यालय के अधिकांश विद्यार्थियों ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक अर्जित कर अपनी प्रतिभा, अनुशासन एवं कठिन परिश्रम का उत्कृष्ट परिचय दिया। कला वर्ग में इशिता सिंह, वाणिज्य वर्ग में सूरज राम तथा विज्ञान वर्ग में रतन सिंह राणा ने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। विद्यालय के संस्थापक महंत बाबा राम सिंह जी महाराज एवं संचालक संत जोध सिंह जी महाराज ने विद्यार्थियों की इस ऐतिहासिक सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए इसे विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं शिक्षकों के समर्पण, अनुशासन एवं अथक परिश्रम का परिणाम बताया। विद्यालय के चेयरमैन डॉ. एस. एन. सूरी, प्रधानाचार्या डॉ. सुनीता शर्मा एवं प्रधानाध्यापिका अमृतपाल डंग ने सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामनाएं प्रेषित कीं।

# इलैक्टिक व्हीकल अपनायें पर्यावरण बचायें : प्रेमचंद

**ऋषिकेश ( चिंगारी )।** देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा डीजल एवं पेट्रोल पर निर्भरता कम करने के आह्वान को आत्मसात करते हुए ऋषिकेश विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री डॉ. प्रेमचंद अग्रवाल ने विभिन्न कार्यक्रमों में इलेक्ट्रिक व्हीकल का उपयोग किया। डॉ. अग्रवाल अपने निजी आवास से रायवाला, श्यामपुर, लालपानी खांड गांव, आईडीपीएल, ऋषिकेश बाजार सहित विभिन्न क्षेत्रों में आयोजित कार्यक्रमों में इलेक्ट्रिक वाहन के माध्यम से पहुंचे।

# सपा सांसद की टिप्पणी के विरोध में भाजपाइयों ने किया प्रदर्शन



**बिजनौर ( चिंगारी )।** समाजवादी पार्टी के एक सांसद द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ की गई कथित आपत्तिजनक टिप्पणी के विरोध में आज भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट परिसर में धरना देकर जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा और संबंधित सांसद के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री का अपमान नहीं सहेगा हिंदुस्तान सहित कई नारे लगाए। प्रदर्शन में बड़ी संख्या में महिला कार्यकर्ताओं की भागीदारी रही। धरना-प्रदर्शन में चेयरपर्सन श्रीमती इंदिरा सिंह, अंकुर गौतम, मानव सचदेवा, विनोद राठी, गोपाल धीमान, अमित ठाकुर, कपिल राजपूत, नरेश भाटी, रजनी कालरा, माया पाल, रश्मि रावल, उपासना आर्य, सरिता सोनी, नेहा पंडित, संतोष, रचना पाल आदि शामिल रहे। डीएम को सौंपे गए ज्ञापन में कहा गया कि समाजवादी पार्टी के सांसद द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संबंध में की गई टिप्पणी न केवल लोकतांत्रिक मर्यादाओं के खिलाफ है, बल्कि इससे देश की जनता की भावनाओं को भी ठेस पहुंची है। ज्ञापन में मांग की गई कि संबंधित सांसद के विरुद्ध विधि सम्मत कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, ताकि भविष्य में कोई भी सार्वजनिक मंच से देश के प्रधानमंत्री के खिलाफ अमर्यादित भाषा का प्रयोग न कर सके।

# 'पानी बचाओ, पेड़ बचाओ' संकल्प के साथ भाकियू अराजनीतिक मनाएगी स्थापना दिवस

## महात्मा महेंद्र सिंह टिकैत की पुण्यतिथि पर बागड़पुर में होगा कार्यक्रम, 1000 पौधे वितरित किए जाएंगे



**बिजनौर ( चिंगारी )।** भारतीय किसान यूनियन अराजनीतिक 15 मई को महात्मा महेंद्र सिंह टिकैत की पुण्यतिथि पर अपना स्थापना दिवस 'पानी बचाओ, पेड़ बचाओ, मिट्टी बचाओ, खेत बचाओ' संकल्प दिवस के रूप में मनाएगी। कार्यक्रम चांदपुर तहसील क्षेत्र के ग्राम बागड़पुर में आयोजित होगा, जिसमें किसानों, युवाओं और क्षेत्रवासियों को पर्यावरण संरक्षण एवं कृषि बचाने का संकल्प दिलाया जाएगा।

संगठन पदाधिकारियों ने बताया कि महात्मा टिकैत के विचारों को आगे बढ़ाते हुए संगठन वर्षभर जल, जंगल, जमीन और किसानों के हितों के लिए कार्य करता है। मालिनी नदी के संरक्षण के लिए पिछले वर्षों में नदी किनारों पर बांस की खेती, बांस रोपण तथा पीपल और बरगद के पौधारोपण अभियान चलाए गए, जिनके तहत हजारों पौधे लगाए जा चुके हैं। इस वर्ष भी कार्यक्रम में 1000 लोगों को पौधे वितरित कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया जाएगा। कार्यक्रम में प्राकृतिक खेती और मिट्टी में घटते जीवांश पदार्थों को लेकर कृषि वैज्ञानिकों एवं कृषि विभाग के अधिकारियों के साथ विचार-विमर्श किया जाएगा। गोष्ठी में उत्तर प्रदेश कृषि विभाग के जॉइंट डायरेक्टर जेपी चौधरी और कृषि विज्ञान केंद्र नगीना के वैज्ञानिक डॉ. के.के. सिंह मुख्य वक्ता के रूप में मौजूद रहेंगे, जबकि चौधरी दिगंबर सिंह मुख्य अतिथि होंगे। कार्यक्रम के प्रचार-प्रसार के लिए संगठन के जिलाध्यक्ष नितिन कुमार सिरोही बैल बुग्गी से क्षेत्र में जनसंपर्क कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि देश तभी मजबूत होगा जब किसान समृद्ध होगा। ऊर्जा संकट और बढ़ते ईंधन खर्च को देखते हुए संगठन ने डीजल-पेट्रोल बचाने और पर्यावरण संरक्षण का संदेश देने के लिए पारंपरिक साधन बैल बुग्गी का उपयोग शुरू किया है। उन्होंने किसानों और कार्यकर्ताओं से अधिक से अधिक संख्या में सार्वजनिक परिवहन या साझा वाहनों से कार्यक्रम स्थल पहुंचने की अपील करते हुए कहा कि ऊर्जा संरक्षण आज राष्ट्रहित का विषय है और किसान समाज हमेशा देशहित में अपनी जिम्मेदारी निभाता आया है।


# व्यापारियों ने जिला मुख्यालय पर किया ज़ोरदार प्रदर्शन



**बिजनौर ( चिंगारी )।** उ.प्र. उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल से जुड़े व्यापारियों ने खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के तहत की जा रही कार्रवाई को लेकर जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन किया। व्यापारियों ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपते हुए खाद्य पदार्थों के सैंपल भरने और जांच प्रक्रिया में सुधार की मांग उठाई। ज्ञापन में व्यापारियों ने कहा कि खाद्य पदार्थों के सैंपल भरते समय केवल रिटेलर ही नहीं बल्कि निर्माता को भी पक्षकार बनाया जाए। साथ ही सैंपल भरने के समय जारी किया जाने वाला फॉर्म-5 निर्माता तक तत्काल पंजीकृत डाक से पहुंचाने की व्यवस्था की जाए। व्यापारियों ने मांग की कि खाद्य पदार्थों की जांच रिपोर्ट 14 दिनों के भीतर उपलब्ध कराई जाए। उनका कहना था कि वर्तमान व्यवस्था में रिपोर्ट आने में कई महीने लग जाते हैं, जिससे व्यापारियों और निर्माताओं को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ता है। व्यापार मंडल ने आरोप लगाया कि कई मामलों में सरकारी प्रयोगशालाओं द्वारा नमूनों को बिना पर्याप्त आधार के असुरक्षित घोषित कर दिया जाता है। उन्होंने मांग की कि केवल मानव स्वास्थ्य के लिए हानिकारक पदार्थ पाए जाने पर ही किसी नमूने को असुरक्षित घोषित किया जाए। ज्ञापन में खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम की धारा-69 के अंतर्गत मामूली मामलों में सुलह व्यवस्था लागू करने, निजी लैब की जांच रिपोर्ट के आधार पर निर्माताओं के खिलाफ कार्रवाई बंद करने तथा खाद्य पदार्थों के मानक नये सिरे से तय करने की मांग भी उठाई गई। इसके अलावा सरकार द्वारा कराए गए सर्वे की रिपोर्ट सार्वजनिक करने की मांग भी की गई। इस दौरान व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष मनोज कुमार कुच्छल, जिला महामंत्री मुनीष त्यागी, जिला कोषाध्यक्ष बी.एस. राजपूत सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

# जीटीबी स्कूल का परीक्षा परिणाम रहा शानदार

**नूरपुर ( चिंगारी )।** सीबीआई बोर्ड द्वारा घोषित कक्षा 12 परीक्षा परिणाम में गुरुतेग बहादुर पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय एवं क्षेत्र का नाम गौरवान्वित किया है। विद्यालय के विद्यार्थियों ने विज्ञान, वाणिज्य वर्ग में शानदार अंक प्राप्त कर सफलता का नया कीर्तिमान स्थापित किया। विद्यालय के मेधावी छात्र-छात्राओं का परिणाम इस प्रकार रहा, रिया सैनी 95 प्रतिशत, मिकेन्द्र 93, शुभ यादव 92, कार्तिक चौहान 91, जतिन प्रकाश 90, अर्शिता यादव 90, दिव्यांश सिंघल 89, मयंक राजपूत 89, युवराज सिंह 87, भूमि धकवान 87, अदनान 87, तनु 86, मनमीत सिंह 85, प्रभाकर सिंह ने 85 प्रतिशत अंक हासिल किए। विज्ञान वर्ग में विद्यालय का कुल परीक्षा परिणाम 100 प्रतिशत रहा। विद्यालय के प्रधानाचार्य अवनीश कुमार ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि विद्यार्थियों की कठिन मेहनत, शिक्षकों के समर्पित मार्गदर्शन एवं अभिभावकों के सहयोग से यह उत्कृष्ट परिणाम संभव हो पाया है। विद्यालय प्रबंधक मंदीप सिंह एवं प्रबंधन समिति ने भी सभी विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य हेतु शुभकामनाएं प्रदान कीं तथा कहा कि विद्यालय भविष्य में भी शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट उपलब्धियां प्राप्त करता रहेगा।




# मधुर मेमोरियल स्कूल का रिजल्ट रहा शत-प्रतिशत

**स्योहारा ( चिंगारी )।** मधुर मेमोरियल पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल ने इस वर्ष एक बार फिर अपनी उत्कृष्टता का परिचय देते हुए कक्षा 12 वीं के बोर्ड परीक्षा रिजल्ट शत-प्रतिशत रहा। 12 वीं के परिणामों में तेजस मोहन शर्मा ने सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया है। उन्होंने 91.2 प्रतिशत अंक हासिल कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। निकुंज कुमार राणा ने 85प्रतिशत अंकों के साथ दूसरा स्थान प्राप्त किया तथा गर्वित कुमार ने 83.6 प्रतिशत अंकों के साथ तीसरा स्थान प्राप्त कर स्कूल का गौरव बढ़ाया। छात्रों ने अपनी सफलता का श्रेय शिक्षकों के मार्गदर्शन और अपने अभिभावकों को दिया। प्रधानाचार्य मैराज उददीन एवं स्कूल के मैनेजर आलोक अग्रवाल एवं डायरेक्टर सार्थक अग्रवाल ने सभी विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। यह सफलता एक बार फिर प्रमाणित करती है कि मधुर मेमोरियल स्कूल गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने में अग्रणी है।



## आज का विचार

# राष्ट्र प्रेम की फिर परीक्षा आ गई है आइए अपने राष्ट्र के साथ चलते हैं



**-सत्यराज**

इस पृथ्वी पर मानव सभ्यता ने धीरे-धीरे आकार लिया होगा और परिणामस्वरूप आज हम भारत राष्ट्र के वर्तमान में अपना-अपना जीवन यापन कर रहे हैं। हमारा जीवन सरल, सामान्य और निरंतर विकसित प्रक्रिया में चलता रहे, इसके लिए हमारे देश का समृद्ध और शक्तिशाली होना जरूरी है। भारत शक्तिशाली है और निरंतर हो रहा हो रहा है, इसके लिए हमारी सेनाएं और सरकार पूरी तरह मजबूत हैं। हां समृद्धि हमारी सरकार के साथ-साथ हम देशवासियों पर भी निर्भर करती है। आइए इस बिंदु पर सोचते विचारते हैं।

साथियों बीते ढाई महीने से अमेरिका, इजरायल और ईरान के बीच चल रहे आंशिक और पूर्ण युद्ध के बीच दुनिया भर में तेल संकट पैदा हो गया है, जिसके चलते दुनिया के अतिविकसित देशों में भी तेल और ऊर्जा क्षेत्र में भारी महंगाई बढ़ गई है। ध्यान करिए भारतवर्ष में पेट्रोल, डीजल और घरेलू गैस पर एक रुपया भी नहीं बढ़ा है। इसे सरकार की सुदृढ़ कुशल नीति माना जा सकता है, लेकिन लगता है अब सरकार की नीति भी जवाब देने लगी है, जो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को स्वयं सामने आकर देशवासियों से मदद की अपील करनी पड़ रही है ।

साथियों हमारे दलगत राजनीति के चलते सत्ता दल से विरोध हो सकता है, लेकिन बात जब राष्ट्र के स्वाभिमान पर आए तो हमें देश को ही प्रथम मानना होगा। आजादी के बाद से यह पहली बार भी नहीं हो रहा है। कालांतर में रहे अनेक प्रधानमंत्री जैसे जवाहरलाल नेहरू, लाल बहादुर शास्त्री, इंदिरा गांधी और अटल बिहारी वाजपेई के कार्यकाल में देशवासियों ने अनेक युद्धों और विकट परिस्थितियों में राष्ट्र प्रेम का परिचय दिया है, फिर अब क्यों नहीं? यह भी सत्य है कि राष्ट्र प्रेम मनुष्य का स्वभाविक गुण होता है, जो युद्ध काल में सर्वोपरि हो जाता है, हालांकि इस बार युद्ध हमारा भी नहीं है, लेकिन युद्ध जैसे कुप्रभावों से हम ज्यादा प्रभावित हो रहे हैं। उधर विकसित भारत की ओर बढ़ रहे भारतवर्ष की गति धीमी न हो जाए, इसके लिए हमें प्रधानमंत्री मोदी के सुझावों को यथाशीघ्र मान लेना होगा, कोविड कल में भी हमने राष्ट्र प्रेम का परिचय दिया है और प्रधानमंत्री के सुझावों को मानकर देश को बड़े विनाश से बचा लिया है था। एक बार फिर हमारी परीक्षा की घड़ी आ गई है। हम इस बार भी सफल होंगे। बस संकल्प लीजिए और पीएम द्वारा बताए गए सुझावों को अपनी क्षमता अनुसार मानकर आगे बढ़िये। आप देखेंगे गिलहरी सहयोग से ही हम विनाश के इस अनचाहे समुद्र पर पुल बांधने में फिर से सफल हो जाएंगे।

# संस्कृति ने किया परिवार का नाम रोशन



**बिजनौर ( चिंगारी )।** शील कुंज सिविल लाइन-2 निवासी विनोद तोमर की पुत्री संस्कृति तोमर ने डीडीपीएस स्कूल से इंटरमीडिएट परीक्षा में बायोलॉजी ग्रुप में 92 प्रतिशत अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट सफलता हासिल की है। संस्कृति की इस उपलब्धि से परिवार में खुशी का माहौल है। परिजन, रिश्तेदार एवं शुभचिंतक उन्हें लगातार शुभकामनाएं दे रहे हैं। संस्कृति तोमर ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता एवं गुरुजनों को दिया है। उन्होंने बताया कि नियमित अध्ययन, अनुशासन और शिक्षकों के मार्गदर्शन से यह सफलता प्राप्त हुई है। संस्कृति की इस उपलब्धि पर क्षेत्र के लोगों ने भी प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

# शाबाश कृष!



**नांगल सोती( चिंगारी )।** ग्राम तिसोतरा के पूर्व प्रधान एवं ग्राम प्रधान संगठन के पूर्व जिलाध्यक्ष कामेन्द्र तोमर के पुत्र कृष तोमर ने सीबीएसई की 12 वीं की परीक्षा में 93 प्रतिशत अंक प्राप्त कर नाम रोशन किया है। कृष मॉडर्न एरा पब्लिक स्कूल बिजनौर का छात्र था।

# जिला अस्पताल में सदर विधायक ने किया लेप्रोस्कोपी मशीन का शुभारंभ

## वरिष्ठ भाजपा नेता ऐश्वर्या मौसम चौधरी व डीएम जसजीत कौर की मौजूदगी में हुआ कार्यक्रम



बिजनौर (चिंगारी)। जिला अस्पताल में स्वास्थ्य सेवाओं को आधुनिक और प्रभावी बनाने की दिशा में गुरुवार को एक बड़ी शुरुआत हुई। अस्पताल में नई अत्याधुनिक लेप्रोस्कोपी मशीन का शुभारंभ सदर विधायक सूची मौसम चौधरी, वरिष्ठ भाजपा नेता ऐश्वर्या मौसम चौधरी व जिलाधिकारी जसजीत कौर ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। मशीन के शुरू होने से जिले के हजारों मरीजों को आधुनिक सर्जरी की सुविधा मिल सकेगी। कार्यक्रम के दौरान चिकित्सकों ने बताया कि लेप्रोस्कोपी तकनीक आधुनिक सर्जरी पद्धति है, जिसमें बड़े चीरे की बजाय छोटे चीरे के माध्यम से कैमरे और विशेष उपकरणों की सहायता से ऑपरेशन किए जाते हैं। इस प्रक्रिया में मरीज को कम दर्द होता है, संक्रमण का खतरा कम रहता है और मरीज जल्दी स्वस्थ होकर घर लौट सकता है। विशेषज्ञों के अनुसार इस मशीन के जरिए पित्त की थैली, अपेंडिक्स, हर्निया और पेट से जुड़ी कई अन्य बीमारियों के ऑपरेशन आसानी से किए जा सकेंगे। पहले इस तरह की सर्जरी के लिए मरीजों को मेरठ, दिल्ली या अन्य बड़े शहरों की ओर जाना पड़ता था। सदर विधायक सुचि मौसम चौधरी ने कहा कि प्रदेश सरकार स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत बनाने के लिए लगातार कार्य कर रही है। बेहतर इलाज उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता है। वरिष्ठ भाजपा नेता ऐश्वर्या मौसम चौधरी ने कहा कि स्वास्थ्य क्षेत्र में लगातार नई सुविधाएं बढ़ाई जा रही हैं, ताकि आम जनता को बेहतर चिकित्सा सेवाएं मिल सकें। जिलाधिकारी जसजीत कौर ने कहा कि जिले में स्वास्थ्य सुविधाओं को और अधिक बेहतर बनाने के लिए प्रशासन लगातार प्रयास कर रहा है।

### सफलतापूर्वक किये जा चुके हैं दो आपरेशन

प्रधानाचार्य तुहीन वशिष्ठ ने जानकारी देते हुए बताया कि लेप्रोस्कोपी मशीन का ट्रायल 4 दिन पहले सफलतापूर्वक कर लिया गया जिसमें दो मरीजों के सफलतापूर्वक ऑपरेशन किये जा चुके हैं।उन्होंने बताया कि मेडिकल कॉलेज में लेप्रोस्कोपी मशीन आने के बाद मरीज़ो को लाभ मिलेगा।

# माकपा जनसमस्याओं को लेकर चलाएगी जन आन्दोलन

**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** माकपा जनपद में जन समस्याओं को लेकर जन आन्दोलन चलाएगी। जिला कमेटी की का. रामपाल सिंह की अध्यक्षता एवं जिलामंत्री का. बिजेंद्र सिन्हा के संचालन में आयोजित बैठक में यह निर्णय लिया गया। बैठक में तय पाया कि मई माह में जिले के 150 गावों में बैठकें कर कार्यकर्ता समस्याओं को इकट्ठा करेंगे। जनता को अवगत कराएगे कि स्मार्ट मीटर क्यों गलत है, जनता को कैसे लूटा जा रहा है। स्मार्ट मीटर लगाते समय उपभोक्ता से जमा राशि ले ली गई, कोई बिल नहीं दिया गया, अब फिर पोस्टपेड लगाने के नाम पर जमानत राशि ली जाएगी, मीटर बदलने पर होने वाले खर्च को विभाग द्वारा देने की मांग की गई। शिक्षा सत्र शुरू होते ही अनावश्यक फीस व पुस्तकों की ब्रिकी पर रोक लगाने, गांवों में चिकित्सा सुविधा दिलाने, गैस की कीमते बढ़ाने का विरोध किये जाने, प्रदेश में विशेष क्षेत्र घोषित कर एसई जैड बनाकर पानी, बिजली, सड़कों का योजनाओं के माध्यम से निर्माण कराने, कम्पनियों को टैक्स से मुक्ति दिलाने, जनता की उपजाऊ जमीन लेने का विरोध करने, नेताओं को अनाश्यक सुविधा बंद कराने तथा गांवों में बैठकें कर पर्चे के माध्यम से जनता को जागरूक करने, पार्टी की नीतियों का प्रचार-प्रसार करने, समस्याएं एकत्र कर जून माह में आंदोलन शुरू करने के निर्णय लिये गये। बैठक में का. शराफत अली, का. इसरार अली, का. इन्द्र कुमार, का. फरीद, का. तुलाराम, का. खुर्शीद, का. इसरार आदि मौजूद रहे।

# चेयरमैन खुर्शीद मंसूरी ने साहनपुर में किया डिजिटल लाइब्रेरी का शुभारंभ

**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** कस्बा साहनपुर में चेयरमैन खुर्शीद मंसूरी ने आधुनिक शिक्षा की दिशा में एक ओर बड़ा कदम उठाते हुए डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम डिजिटल लाइब्रेरी का शुभारंभ किया। उद्घाटन समारोह में एसडीएम नजीबाबाद आशुतोष जायसवाल, पूजा हॉस्पिटल की डॉ. राखी आनंद अग्रवाल व चेयरमैन खुर्शीद मंसूरी ने संयुक्त रूप से फीता काटा। इस अवसर पर एसडीएम ने नगर पंचायत साहनपुर द्वारा कराए जा रहे विकास कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि डिजिटल लाइब्रेरी से क्षेत्र के छात्रों को आधुनिक शिक्षा व कंप्यूटर आधारित अध्ययन की बेहतर सुविधाएं मिलेंगी, जिससे युवाओं का भविष्य मजबूत होगा। चेयरमैन खुर्शीद मंसूरी ने कहा कि नगर पंचायत साहनपुर लगातार विकास की ओर अग्रसर है। उन्होंने बताया कि पूर्व में जीजीआईसी कॉलेज की सौगात देकर क्षेत्र की बेटियों को बेहतर शिक्षा उपलब्ध कराई गई। इसके अलावा नगर में तिरंगा फ्लैग लगवाने, गार्डन निर्माण, तालाब सौंदर्यीकरण, 125 से अधिक सडकों का निर्माण, डिजिटल वेलकम बोर्ड, फ्रीजर स्थापना, कूड़ा निस्तारण केंद्र निर्माण, सफाई व्यवस्था के लिए नई गाड़ियों की खरीद एवं मैनुअल लाइब्रेरी जैसी अनेक विकास योजनाएं पूरी की जा चुकी हैं। उन्होंने कहा कि शासन से स्वीकृति मिलने पर आगे भी नई योजनाओं को लागू कराया जाएगा। डॉ. राखी आनंद अग्रवाल ने डिजिटल लाइब्रेरी की सराहना करते हुए कहा कि इससे क्षेत्र के बच्चों को कंप्यूटर शिक्षा एवं आधुनिक तकनीक से जुड़ी पढ़ाई में काफी लाभ मिलेगा। डॉ. इस्लाम की अध्यक्षता एवं सरफराज अंसारी के संचालन में आयोजित कार्यक्रम में राहतपुर प्रधान मुस्तफा, मंडावली के पूर्व प्रधान वाजिद मकरानी, साबू मकरानी, अलीपुर प्रधान आसिफ, पूर्व प्रधान नफीस अहमद, भूरे प्रधान, फिरासत हुसैन, डॉ. इस्लाम, अशोक कुमार, प्रशांत महासागर, ललित कुमार, नगर पंचायत साहनपुर के सभासदगण शद्दन खान, इकबाल अहमद, फुरकान अहमद, वकार अहमद, दीपक, मुजफ्फर हुसैन, आबिद, चांद मौलाना सलीम, मास्टर शाहनवाज, इरशाद, भागूवाला के पूर्व प्रधान अब्दुल हई, शमशीद, रिज़वान खान, नईम अहमद, डॉ. नसीम, शाहबाज खान, मास्टर फराहीम, असलम अंसारी, नौशाद सरवरी, नदीम सलमानी, जाफर, कफील अंसारी छोटे उस्ताद, सय्यद इरशाद, वींरेंद्र राजपूत सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित रहे।





# कैडेट्स में अनुशासन व राष्ट्रप्रेम की भावना भरती है एनसीसी- सुहैलुर्रहमान

**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** नजीबुद्दौला गर्ल्स इंटर कॉलेज में एनसीसी कैडेट्स की परेड में कैडेट्स के कठिन प्रशिक्षण व अनुशासन को देखते हुए कालेज प्रबंधक सुहैलुर्ररहमान द्वारा एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सुहैलुरहमान ने स्वयं उपस्थित होकर सभी कैडेट्स को जलपान वितरित किया। प्रशिक्षण के बाद कैडेट्स को संबोधित करते हुए प्रबंधक ने कहा कि एनसीसी न केवल छात्राओं में अनुशासन व राष्ट्र प्रेम की भावना भरती है, बल्कि उन्हें विपरीत परिस्थितियों में भी अडिग रहना सिखाती है। उन्होंने कैडेट्स की मेहनत की सराहना करते हुए कहा कि युवा ही देश का भविष्य है, उनकी ऊर्जा को सही दिशा देना कॉलेज की प्राथमिकता है। कार्यक्रम में कॉलेज प्रिंसिपल शबाना परवीन, एनसीसी प्रभारी हिना सैफी, एनसीसी ट्रेनर सुधीर कुमार व अन्य कॉलेज स्टाफ मौजूद रहा। सभी ने प्रबंधक सुहैलुर्ररहमान के इस आत्मीय प्रयास की प्रशंसा करते हुए माना कि ऐसे छोटे-छोटे प्रयासों से विद्यार्थियों का मनोबल दोगुना हो जाता है। कार्यक्रम का संचालन एनसीसी प्रभारी हिना सैफी ने किया।

# मुनव्वर अली ने अखिलेश के भाई के निधन पर शोक जताया

**नजीबाबाद ( चिंगारी )। समाजवादी पार्टी के संस्थापक सदस्य मुनव्वर अली ने सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के छोटे भाई प्रतीक यादव के निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया है। उन्होंने प्रतीक यादव को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि मात्र 38 साल की आयु में प्रतीक के दुनिया से चले जाने से वह काफी सदमे में है। मुनव्वर अली ने कहा कि दुख की इस घड़ी में उनकी संवेदनाएं मुलायम सिंह यादव के परिवार के साथ है। उन्होंने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की।**

# शिव कुमार व अनन्या पाण्डेय प्रधानमंत्री चुने गये

**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** विद्या भारती द्वारा संचालित निर्मला गोकुल सिंह यादव सरस्वती विद्या मन्दिर इण्टर कॉलेज कोटद्वार मार्ग में 'छात्र संसद एवं कन्या भारती के प्रधानमंत्री भैया-बहिन का चयन करने के लिए चुनाव प्रक्रिया का आयोजन किया गया। जिसमें प्रत्येक कक्षा से चयनित सांसद भैया-बहिन, प्रधानाचार्य एवं सभी आचार्य बन्धु-बहिनों एवं कर्मचारी गणों ने मतदान किया। मतदान से पूर्व प्रधानाचार्य जितेन्द्र सिंह ने भैया-बहिनों को चुनाव प्रक्रिया की प्रणाली से पूर्ण रूप से अवगत कराया। छात्र संसद के चुनाव आयुक्त आचार्य संजय शर्मा एवं कन्या भारती की चुनाव आयुक्त आचार्या फूलमाला वर्मा रही। मतदान के बाद मतपत्रों की गणना की गयी। जिसमें 'छात्र संसद' में कक्षा 'द्वादश (अ) के भैया शिवा कुमार ने सर्वाधिक मत प्राप्त किये। 'कन्या भारती' में 'दशम (स)' की बहिन 'अनन्या पाण्डेय' ने सर्वाधिक मत प्राप्त किये। प्रधानाचार्य जितेन्द्र सिंह ने विजयी प्रधानमंत्री भैया-बहिनों को शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर आचार्य पंकज शर्मा, गोपेन्द्र सिंह, आत्मस्वरूप शर्मा, नीरज कुमार, अनन्त कुमार, गौरव कुमार, घनश्याम सिंह, सोनू कुमार, संजीव कुमार, सचिन कुमार, सुभाष कुमार, आचार्या रजनी टांक, पूनम, मनु, मीनू, साक्षी, मिताली एवं समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे।


रामगंगा प्रकाशन बिजनौर के लिए प्रकाशक, मुद्रक **सूर्यमणि रघुवंशी** ने रघुवंशी प्रिंटर्स, स्वप्न लोक, नई बस्ती बिजनौर में मुद्रित कराकर स्वप्न लोक, नई बस्ती, बिजनौर से प्रकाशित किया।
संस्थापक-**स्व. बाबू सिंह चौहान।**
सम्पादक-**सूर्यमणि रघुवंशी।**
**आर. एन. आई. नं. 2417/57**
**डाक पंजीकरण संख्या- डी.एन./ यू.पी./ बी.जे.एन.-14/2025-27**
**E-Mail: dainikchingari@gmail.com**

उत्तराखण्ड शासन

देवभूमि रजत उत्सव

# राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाता उत्तराखण्ड

विगत वर्षों में उत्तराखण्ड ने विकास, सुशासन, नवाचार एवं सांस्कृतिक संरक्षण के क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करते हुए राष्ट्रीय स्तर पर अपनी एक सशक्त पहचान स्थापित की है। राज्यसरकार की दूरदर्शी नीतियों एवं प्रभावी क्रियान्वयन के परिणाम स्वरूप आज उत्तराखण्ड देश के अग्रणी राज्यों में अपनी उपस्थिति दर्ज करा रहा है।





“21वीं सदी के विकसित भारत के निर्माण के दो प्रमुख स्तंभ हैं। पहला, अपनी विरासत पर गर्व और दूसरा, विकास के लिए हरसंभव प्रयास। आज उत्तराखण्ड, इन दोनों ही स्तंभों को मजबूत कर रहा है। ये दशक उत्तराखण्ड का दशक है।”

**नरेन्द्र मोदी**
प्रधानमंत्री

“प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के दूरदर्शी मार्गदर्शन में उत्तराखण्ड सर्वांगीण विकास की नई मिसाल बन रहा है। स्थानीय उत्पाद, बेहतर कनेक्टिविटी, उद्योग एवं निवेश तथा हर मौसम पर्यटन सहित देवभूमि अपनी अलौकिक विरासत को संजोते हुए विकास के नए आयाम छू रही है।”

**पुष्कर सिंह धामी**
मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड

## विकास के नये अध्याय की ओर अग्रसर देवभूमि

## उत्तराखंड

## संकल्प से शिखर तक

**ऊर्जा क्षेत्र में नए मानक स्थापित करता...**
**देवभूमि उत्तराखण्ड सौर ऊर्जा स्थापना में**

# 01 गीगावाट

## (1000 मेगावाट)

**का ऐतिहासिक आंकड़ा पार**

### स्वास्थ्य एवं सामाजिक सुरक्षा

- अटल आयुष्मान योजना के तहत 61 लाख आयुष्मान कार्ड जारी।
- 17 लाख से अधिक मरीजों को ₹3400 करोड़ से अधिक का कैशलेस उपचार।
- राज्य में 207 प्रकार की पैथोलॉजी जांच मुफ्त।
- हल्द्वानी में आधुनिक कैंसर संस्थान का निर्माण।

### पर्यटन एवं सांस्कृतिक पहचान

- वर्ष 2025 में 6 करोड़ से अधिक पर्यटकों का रिकॉर्ड आगमन।
- चारधाम यात्रा में 48 लाख से अधिक श्रद्धालुओं की भागीदारी।
- शीतकालीन यात्रा का शुभारंभ—प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा मुखवा से शुरुआत।
- केदारनाथ एवं बद्रीनाथ धाम में मास्टर प्लान कार्य प्रगति पर।

### हरित ऊर्जा एवं पयवरणीय प्रतिबद्धता

- राज्य में सौर ऊर्जा क्षमता 1 गीगावाट से अधिक।
- 42,000 से अधिक सोलर रुफटॉप संयंत्र स्थापित।
- 12,000 एकड़ सरकारी भूमि अतिक्रमण से मुक्त कराई गई।

### नीति आयोग एवं राष्ट्रीय रैंकिंग में उत्कृष्ट प्रदर्शन

- नीति आयोग द्वारा जारी Export Preparedness Index (EPI) 2024 में छोटे राज्यों श्रेणी में प्रथम स्थान।
- सतत विकास लक्ष्य (SDG) इंडेक्स 2023-24 में देश में प्रथम स्थान।
- Ease of Doing Business में Achievers' श्रेणी।
- Startup Ecosystem Ranking में 'Leader' के रूप में मान्यता।

### निवेश एवं औद्योगिक विकास

- ग्लोबल इन्वेस्टर समिट में ₹3.56 लाख करोड़ के MoU साइन।
- ₹1 लाख करोड़ से अधिक निवेश की ग्राउंडिंग।
- खुरपिया (उधम सिंह नगर) में स्मार्ट इंडस्ट्रियल टाउनशिप को केंद्र सरकार की मंजूरी।
- राज्य में 200 करोड़ रुपये का स्टार्टअप वेंचर फंड तैयार।

### आधुनिक कनेक्टिविटी एवं इंफ्रास्ट्रक्चर

- ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेल परियोजना का तीव्र गति से निर्माण।
- दिल्ली-देहरादून एलिवेटेड रोड निर्माणाधीन।
- देहरादून से दिल्ली एवं लखनऊ तक वंदे भारत ट्रेन सेवा।
- UDAN योजना के अंतर्गत पर्वतीय क्षेत्रों को हेलीकॉप्टर सेवाओं से जोड़ा गया।




**सूचना एवं लोक सम्पर्क विभाग, उत्तराखण्ड द्वारा जनहित में जारी।**

www.uttarainformation.gov.in | uttarakhandDIPR | DIPR_UK | uttarakhand DIPR